राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 148 | रांची, सोमवार ,03 अगस्त 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

### आज का दिन

इसी दिन वर्ष 1886 में हिंदी के प्रख्यात कवि, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के चिरगांव में हुआ था। उन्होंने अपनी ओजस्वी और राष्ट्रवादी रचनाओं से हिंदी साहित्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जनमानस में देशभक्ति की भावना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर राजधानी रांची पूरी तरह से शिवमय

एजेंसी

रांचीः श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर राजधानी रांची पूरी तरह शिवमय होने जा रही है. लाखों श्रद्धालुओं के जलाभिषेक और दर्शन को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समितियों ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं. रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर, चुटिया स्थित प्राचीन सुरेश्वर धाम, 21 महादेव धाम और अन्य प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है.

**बिना परेशानी के जल चढ़ाने की सुविधा**

रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर के पट सोमवार तड़के सुबह 3:30 बजे मंगला आरती के साथ खुलेंगे. इसके बाद सुबह 4:00 बजे से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन और जलाभिषेक शुरू हो जाएगा. भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के जल चढ़ाने की सुविधा देने के लिए इस बार मुख्य मंदिर के साथ-साथ विश्वनाथ मंदिर और महाकाल मंदिर में भी अरघा सिस्टम लगाया गया है.



**किया जाएगा बाबा का विशेष श्रृंगार दर्शन**

श्रद्धालु इसी व्यवस्था के माध्यम से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे. शाम को अरघा हटाए जाने के बाद रात 9:00 बजे तक बाबा का विशेष श्रृंगार दर्शन कराया जाएगा. पहली सोमवारी पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं.

**संवेदनशील जगहों पर लगातार निगरानी** रांची पुलिस ने पूरे शहर में 500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की है जबकि केवल पहाड़ी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में 125 पुलिस अधिकारी और जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे. मंदिर परिसर, प्रवेश और निकास मार्गों के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी.

**कांवर पथ और मेन मार्गो पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती**

जिला प्रशासन ने नामकुम स्थित स्वर्णरिखा नदी घाट से जल लेकर आने वाले कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया है. कांवर पथ और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है. वही भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए पहाड़ी मंदिर के आसपास कई मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर अस्थाई रोक रहेगी और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था लागू रहेगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.

**जलाभिषेक के लिए विशेष इंतजाम**

रांची के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी तैयारियां अंतिम चरण में पूरी कर ली गई हैं. चुटिया स्थित सुरेश्वर धाम और 21 महादेव धाम में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. स्वर्णरेखा नदी घाट की व्यापक साफ-सफाई कर उसे जल उठाव के लिए पूरी तरह तैयार कर दिया गया है. घाटों पर प्रकाश, बैरिकेडिंग, पेयजल और सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है. रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने खुद पहाड़ी मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

## ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के प्रमुखों की बैठक 3-4 अगस्त को लखनऊ में




एजेंसी

लखनऊ। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक भारत की अध्यक्षता में 3 से 4 अगस्त को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित होने वाली है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों, नीति निमार्ताओं, शिक्षाविदों, थिंक टैंकों, नागरिक समाज संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ, ब्रिक्स राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक के साथ-साथ निम्नलिखित विषयों पर आधे दिन के दो सह-कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें 3 अगस्त को प्रशासनिक डेटा की क्षमता को उजागर करना तथा 4 अगस्त को विकसित होते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में एआई की तैयारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इस बैठक में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की बैठक में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य ब्रिक्स जेएसपी के माध्यम से सांख्यिकी के प्रसार, सांख्यिकी प्रणालियों में नवाचार और ज्ञान एवं सर्वोत्तम परिपाटियों के आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करना है. आयोजन से जुड़े एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि वर्ष 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता ₹सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण (ब्रिक्स)₹ के व्यापक विषय द्वारा निर्देशित है। ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक के अंतर्गत, भारत ने ₹परिवर्तन के प्रेरक के रूप में गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी₹ विषय को अपनाया है। यह डेटा की गुणवत्ता, नवाचार, प्रभावी प्रसार और जन-केंद्रित सांख्यिकीय प्रणालियों के लिए अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# ओमान में फंसी झारखंड की प्रीति कुजूर की सुरक्षित घर वापसी का रास्ता साफ

एजेंसी

रांचीः ओमान में फंसी झारखंड के सिमडेगा जिले की प्रवासी श्रमिक प्रीति कुजूर की सुरक्षित घर वापसी का रास्ता साफ हो गया है. राज्य सरकार के प्रयासों और भारतीय दूतावास के सहयोग से प्रीति 1 अगस्त को भारत के लिए रवाना हो गई हैं. उनके 2 अगस्त को अपने घर सिमडेगा पहुंचने की संभावना है. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से यह जानकारी दी गयी है.



**सोशल मीडिया पर मामला आने के बाद पहल**

सोशल मीडिया के माध्यम से मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. इसके बाद श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने भारतीय दूतावास, मस्कट और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर युवती की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की.

**विदेश में नौकरी के नाम पर हुआ धोखा**

सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड की रहने वाली प्रीति कुजूर को मार्च 2026 में एक एजेंट ने दुबई में बेहतर वेतन वाली नौकरी का झांसा देकर विदेश भेजा था. हालांकि उन्हें ओमान भेज दिया गया, जहां तय वेतन से काफी कम राशि पर काम कराया गया.भारत लौटने की इच्छा जताने पर कंपनी की ओर से भारी रकम की मांग की गई. रंतु कुजूर ने अपनी बहन प्रीति को इंसाफ दिलाने के लिए सोशल मीडिया पर 19 जून को गुहार लगाई थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि एजेंट ने बहन को दुबई में 45000 से 50000 प्रति माह वेतन का भरोसा दिलाया था लेकिन दुबई के बदले ओमान भेज दिया. कंपनी मालिक को 1.92 लाख रुपए देने के बावजूद प्रीति कुजूर को वापस आने नहीं दिया जा रहा था.

**सरकार की पहल पर कंपनी ने किया सहयोग**

राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने भारतीय दूतावास के माध्यम से कंपनी प्रबंधन से बातचीत की. कंपनी मालिक 2 साल का ठेका पूरा होने से पहले वापसी के लिए 950 ओमानी रियाल की मांग कर रहा था. सरकार के स्तर से बातचीत करने पर कंपनी मालिक ने 600 रियाल लेकर प्रीति कुजूर के पासपोर्ट और अन्य कागजात लौटा दिए.

**प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा पर सरकार का जोर**

राज्य सरकार का कहना है कि देश और विदेश में कार्यरत झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा उसकी प्राथमिकता है. किसी भी आपात स्थिति में प्रवासी श्रमिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष लगातार सक्रिय रूप से काम कर रहा है

## तमिलनाडु में पोल्लाची के पास खड़े ट्रक से टकराई कार, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



एजेंसी

कोयंबटूर। तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में पोल्लाची के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार की जोरदार टक्कर होने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार, कोयंबटूर जिले के मदुक्करई एमएलए स्ट्रीट निवासी कनकराज एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी उमा महेश्वरी, बड़ी बेटी आरती और छोटी बेटी नर्मदा थीं। रविवार को कनकराज अपने परिवार तथा दूर के रिश्तेदार रामन के साथ कार से उदुमलपेट स्थित अपने कुलदेवता मंदिर में दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। कार कनकराज स्वयं चला रहे थे। दोपहर के समय जब उनकी कार पोल्लाची के पास नल्लाम्पल्ली इलाके से गुजर रही थी, तभी वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कनकराज, उनकी पत्नी उमा महेश्वरी, दोनों बेटियां आरती और नर्मदा तथा रिश्तेदार रामन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गोमंगलम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी कॉमनवेल्थ गेम्स विजेताओं को बधाई




एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अन्य ने रविवार को 'ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा, ₹ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पुरुषों की 60 किग्रा बॉक्सिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने पर सचिन सिवाच को हार्दिक बधाई! कड़े मुकाबले वाले फाइनल में आपके दृढ़ प्रदर्शन और संयम ने आपको पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाया है। अपनी शानदार उपलब्धि से तिरंगे को ऊंचा लहराकर आपने देश को एक और गर्व का क्षण दिया है। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना करती हूं। उन्होंने कहा, 'भारत का बॉक्सिंग अभियान शानदार ढंग से संपन्न हुआ! ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पुरुषों के +90 किग्रा बॉक्सिंग इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर नरेंद्र बेरवाल को बधाई। आपने एक कठिन मुकाबले में भारत का बेहतरीन प्रतिनिधित्व किया और शानदार प्रदर्शन किया। यह सफलता भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के आपके संकल्प को और मजबूत करे। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर गुलवीर सिंह को बहुत-बहुत बधाई। आपकी यह उपलब्धि कॉमनवेल्थ गेम्स में इस इवेंट में भारत का पहला मेडल है और पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में आपकी पिछली सफलता के बाद, आपके यादगार सफर में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ती है। इन दोनों इवेंट में भारत के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स के पहले मेडल जीतना एक शानदार उपलब्धि है, जो अनगिनत युवा एथलीटों को लंबी दूरी की दौड़ में बेहतरीन प्रदर्शन करने और देश का मान बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।'

# पुलिस की वर्दी पहनकर मुख्यमंत्री को निशाना बनाने और दिल्ली में हुए छात्रों के प्रदर्शन में तोड़फोड़ करने की योजना बनाई

एजेंसी

कोलकाताः पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए जैश-ए-मोहम्मद के कथित आतंकी ने पुलिस की वर्दी पहनकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को निशाना बनाने और दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए छात्रों के प्रदर्शन में तोड़फोड़ करने की योजना बनाई थी. एसटीएफ के आईजी गौरव शर्मा ने शनिवार को बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद हमीम मंडल के तौर पर हुई है. उसे शुक्रवार को पुरबा बर्धमान जिले से गिरफ्तार किया गया और पूछताछ के लिए उसी रात कोलकाता लाया गया. कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शर्मा ने कहा कि जांच में पता चला है कि मंडल पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में था और वह उनके कहने पर काम कर रहा था. शर्मा ने कहा, ₹मुख्यमंत्री




टारगेट में से एक थे. हमीम को पाकिस्तान के हैंडलर्स ने मुख्यमंत्री की गतिविधियों पर नजर रखने का काम दिया था.उसे उन जगहों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए कहा गया था, जहां मुख्यमंत्री बिना सुरक्षा के रह सकते हैं. एसटीएफ ने कहा कि मंडल ने पुलिस की वर्दी खरीदकर और तोड़फोड़ करके दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए छात्रों के प्रदर्शन में घुसने की भी योजना बनाई थी. शर्मा ने कहा, इसके अलावा, कई पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं को भी निशाना बनाने की योजना थी. एसटीएफ आईजी गौरव शर्मा के अनुसार, शुरूआती जांच से पता चला है कि सीएम शुभेंदु अधिकारी के अलावा, कई पुलिस अधिकारी और राजनीतिक नेता आतंकी मॉड्यूल के रडार पर थे. इसी से जुड़े एक और मामले में, STF ने शुक्रवार रात अर्पिता सरकार को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर मंडल की सहयोगी और ₹गर्लफ्रेंड₹ है. एसटीएफ ने दावा किया कि दोनों ने पश्चिम बंगाल के एक राज्य मंत्री के बेटे को हनीट्रैप में फंसाकर उसे किडनैप करने और परिवार से पैसे ऐंठने की साजिश रची थी. एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह साजिश शहजाद भट्टी गैंग से जुड़े पाकिस्तान में रहने वाले हैंडलर्स के कहने पर रची गई थी. अधिकारी ने कहा, ₹हमारी जांच में मंत्री के बेटे को हनी-ट्रैप में फंसाने, फिर किडनैपिंग और ब्लैकमेल करने की एक खास योजना का पता चला है. इस साजिश की देखरेख पाकिस्तान के हैंडलर्स ने की थी. हम हर आरोपी की सही भूमिका और क्या इसमें और लोग शामिल थे, इसकी जांच कर रहे हैं.₹ एसटीएफ ने दावा किया कि सरकार और मंडल ने सीमा पार बैठे हैंडलर्स के कहने पर संवेदनशाली जानकारी निकालने के लिए प्रभावी लोगों के साथ करीबी रिश्ते बनाने का प्लान बनाया था. STF के अधिकारियों ने आरोपियों के पास से ब्रिटेन (यूनाइटेड किंगडम) और मैक्सिको में जारी अंतरराष्ट्रीय रक्ट कार्ड भी बरामद करने का दावा किया है. शर्मा ने कहा, 'शक है कि रक्ट कार्ड का इस्तेमाल विदेश से काम करने वाले हैंडलर्स के साथ सुरक्षित बातचीत के लिए और देश के अलग-अलग हिस्सों में स्लीपर सेल और टेरर नेटवर्क को मजबूत करने में मदद के लिए किया गया था.' उन्होंने बताया कि जांच में यह भी पता चला है कि शहजाद भट्टी गैंस से जुड़े पाकिस्तान के लोगों के संपर्क में आने से पहले मंडल सोशल मीडिया के जरिये कथित तौर पर चरमपंथी बना था.

# कुलपति ने सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्षों और समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की

उज्जवल दुनिया संवाददाता




रांचीः गत दिनांक 1 अगस्त 2026 को अपराह्न 3 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ राजीव मनोहर ने विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्षों और समन्वयकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इसका उद्देश्य पूर्व के कार्यों की समीक्षा और आनेवाले अकादमिक और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए संवाद और विमर्श करना था। कुलपति डॉ राजीव मनोहर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुरूआत में ही पूर्व में सूचीबद्ध कार्यों के संबंध में संकायों के डीन, विभागाध्यक्षों और समन्वयकों से पूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में विश्वविद्यालय के नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति चरण पर विचार विमर्श किया। इसी संदर्भ में कुलपति डॉ राजीव मनोहर ने कहा कि नामांकन की पूरी प्रक्रिया लगभग समाप्ति की ओर है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 3 और 4 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे स्नातक के सभी विभागों में नामांकन हेतु खेल और सैन्य श्रेणी से संबंधित अभ्यार्थियों के आवेदन का सत्यापन विश्वविद्यालय में किया जाना हैं। उन्होंने कहा कि खेल और सैन्य श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाणपत्रों की जांच विश्वविद्यालय की आंतरिक और बाह्य विशेषज्ञों की टीम करने के उपरांत उसे संदर्भित विभागों में नामांकन के लिए अग्रसारित कर देगी। खेल श्रेणी के अभ्यर्थियों का सत्यापन विश्वविद्यालय के जैकब सभागार में पूर्वाह्न 10 बजे से और सैन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन पूर्वाह्न 10 बजे से ही विश्वविद्यालय के नए अकादमिक भवन के गांधी सभागार में किया जाना है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों का उपरोक्त तिथि और समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। इसी संबंध में उन्होंने प्रत्येक विभागाध्यक्षों से तीसरे चरण की प्रतिक्षा सूची में आए विद्यार्थियों के नामांकन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 3 अगस्त 2026 को ही विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग अपने औपबंधिक प्रवेश सूची के अंतर्गत जारी प्रतिक्षा सूची में मेधा को ध्यान में रखते हुए नामांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने आगामी सितम्बर माह के अंत में दीक्षांत समारोह आयोजित कर अबतक के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण की समाप्ति के उपरांत पारंपरिक और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की संख्या को देखते हुए उन विषयों के लिए चांसलर पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। यह विषय हैं, इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यावरण विज्ञान, फिशरीज साइंस, इंटीग्रेटेड फिजिक्स, कथक डांस, खरिया, खोरठा, कुरमाली, मुंडारी, म्यूजिक, पंच परगनिया, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, संस्कृत, विजुअल आर्ट पेंटिंग और योगिक साइंस। इन सभी विषयों में विद्यार्थियों के लिए यह अवसर है कि वह 31 अगस्त 2026 तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से संदर्भित विषयों में नामांकन के लियें आवेदन कर सकते हैं। इस बैठक में सभी संकायों के डीन, डीएसडब्ल्यू डॉ सर्वोत्तम कुमार, कुलसचिव डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक डॉ शुचि संतोष बरवार, वित्त पदाधिकारी डॉ अनीता मेहता, सभी विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयक मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## मधुकम खादगढ़ा जमीन विवाद में पीड़ित परिवारों से मिले हरिनाथ साहू



रांची। राजधानी रांची के मधुकम स्थित सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित दखल-दिहानी मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले के बाद लोकहित अधिकार पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि लगभग छह माह पूर्व स्थानीय प्रशासन ने खतियानधारी महादेव उरांव के पक्ष में दखल-दिहानी की कार्रवाई करते हुए वर्षों से रह रहे कई परिवारों के मकान एवं दुकानों पर बुलडोजर चलाया था। इसके बाद प्रभावित परिवारों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के उपरांत उच्च न्यायालय ने पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए महादेव उरांव को प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक-एक लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। न्यायालय ने एकपक्षीय कार्रवाई को लेकर स्थानीय प्रशासन पर भी टिप्पणी की तथा अपने आदेश में संबंधित तथ्यों पर स्पष्ट निर्देश दिए। लोकहित अधिकार पार्टी ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रही और न्याय की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाती रही। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने उस समय प्रभावित परिवारों को कानूनी लड़ाई लड़ने तथा उच्च न्यायालय में अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने का सुझाव दिया था। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ नेता कपिल साहू, नंदकिशोर साहू, सरिता देवी, गायत्री देवी, अंशु कुमार, रवि कुमार, प्रदीप साहू सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर हरिनाथ साहू ने झारखंड उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला केवल मधुकम के पीड़ित परिवारों की जीत नहीं, बल्कि न्याय और कानून के शासन की भी जीत है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भविष्य में आदिवासी भूमि से जुड़े विवादों में कानूनसम्मत प्रक्रिया को मजबूती देगा तथा किसी भी प्रकार की एकपक्षीय कार्रवाई और अनावश्यक विवादों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## कोइरी विकाश मंच द्वारा 23 को मनाया जाएगा लव कुश जयंती

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। रविवार को चानो स्थित मैक्स हॉस्पिटल में कोइरी विकास मंच के द्वारा लव कुश जयंती मानने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोइरी विकास मंच के जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने किया। जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा कि लव और कुश की पढ़ाई-लिखाई से लेकर विभिन्न कलाओं में निपुण होने के पीछे महर्षि वाल्मीकि का ही हाथ था। उन्होंने ही दोनों राजकुमारों को हर तरह की शिक्षा और विद्या में परंगत किया। जिला सचिव नारायण प्रसाद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने लव और कुश को रामायण भी पढ़ाई थी। कहते हैं कि लव और कुश को बहुत समय तक यह ज्ञात नहीं था कि उनके पिता प्रभु श्रीराम हैं। मौके पर ओमप्रकाश, विनोद प्रसाद, शैलेंद्र कुमार कुशवाहा, देवदत्त प्रसाद, लोकनाथ प्रसाद, रंजन कुमार, अवधेश प्रसाद, लक्ष्मण कुमार, सुभाष प्रसाद, सीमा सिंह, रेखा देवी, सुषमा देवी शोभा देवी एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## जेपीएससी परीक्षा प्रकरण पर आम आदमी पार्टी, झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर सुमन का बयान

उज्जवल दुनिया संवाददाता




झारखंड लोक सेवा आयोग (खढरउ) परीक्षा से जुड़े कथित पेपर लीक एवं अन्य अनियमितताओं के आरोपों ने राज्य के लाखों युवाओं का विश्वास गहरी चोट पहुँचाई है। इस मामले में चल रही जांच के दौरान कई गिरफ्तारियां हुई हैं और जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे यह स्पष्ट है कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच आवश्यक है। इआम आदमी पार्टी का स्पष्ट मानना है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की विश्वसनीयता लोकतंत्र और सुशासन की आधारशिला होती है। यदि भर्ती प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगें तो सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों मेहनती युवाओं का होता है, जो वर्षों की तैयारी के बाद ईमानदारी से परीक्षा देते हैं। हम झारखंड सरकार से मांग करते हैं कि इस पूरे प्रकरण की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से कराई जाए, दोषी चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा निर्दोष अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा की जाए। ज्ञात हो कि जेपीएससी की प्रासंगिकता पर कोई पहली बार प्रश्नवाचक चिन्ह नहीं लगा है । राज्य की सबसे बड़ी परीक्षा बोर्ड अगर लगातार सवालों के घेरे में हो तो छात्र मायूस हो जाते हैं। भाजपा - जेएमएम - आजसू - कांग्रेस कोई भी जेपीएससी पर सरकार को घेरने का नैतिकता तो नहीं जुटा सकती क्योंकि सभी सरकारों के कार्यकाल में जेपीएससी की निष्पक्षता धूमिल होते रही है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा, जवाबदेही, पारदर्शिता और स्वतंत्र निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। झारखंड का युवा नौकरी नहीं, बल्कि न्याय मांग रहा है। सरकार का दायित्व है कि वह युवाओं के विश्वास को बहाल करे और यह सुनिश्चित करे कि

## आयुर्वेद से निरोग भविष्य




**कटक/ रांची** : 'मानव जीवन के साथ आयुर्वेद तथा उससे संबंधित वनस्पतियों का अत्यंत घनिष्ठ संबंध है। इसके गूढ़ सिद्धांतों को समझकर उन्हें जनकल्याण के लिए उपयोग में लाना ही इस क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों का वास्तविक कर्तव्य होना चाहिए। यह विचार नई दिल्ली स्थित केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक वैद्य प्रोफेसर रविनारायण आचार्य ने व्यक्त किए। वे ओड़िशा के कटक श्री श्री विश्वविद्यालय के अंतर्गत श्री श्री आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा नराज ग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। ह्यआयुर्वेद आधारित जीवनशैली का पालन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में औषधीय वनस्पतियों का उपयोगह्व विषयक इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री श्री विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) तेज परताप ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनोन्मुखी बनाने हेतु विश्वविद्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने औषधीय वनस्पतियों के गूढ़ तत्वों एवं मानव जीवन में उनकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्री श्री आयुर्वेद महाविद्यालय की डीन प्रोफेसर (डॉ.) क्षीराब्धि तनया राउताराय ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि इस परियोजना के प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर (डॉ.) रमाकांत राउत ने उपस्थित लगभग पांच सौ ग्रामवासियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेद के माध्यम से भावी पीढ़ी को किस प्रकार स्वस्थ और निरोग रखा जा सकता है। पूर्व डीन प्रोफेसर (डॉ.) प्रदीप कुमार पंडा ने उपस्थित जनसमूह को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी तथा इसके लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर ह्लऔषधीय वृक्षों के घरेलू उपचारह्व तथा ह्लआयुर्वेद में दैनिक कार्यप्रणालीह्व नामक दो पुस्तकों का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। कार्यक्रम में भुवनेश्वर स्थित केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद के डॉ. सुधांशु मेहर, डॉ. क्षीरोद रथ एवं डॉ. यशपाल भारद्वाज भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, बारंग ब्लॉक की अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दलेई तथा नराज पंचायत की सरपंच श्रीमती गीतांजलि साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### व्यापार में समय-समय पर नवाचार लाना चाहिए: विष्णु अग्रवाल




रांचीः बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआई) के प्लैटिनम चैप्टर की बैठक रविवार को करमटोली स्थित सेलीब्रेशन हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चैप्टर अध्यक्ष सुनील कालरा ने की। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आपसी सहयोग और विश्वास के बल पर संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है तथा सदस्यों का व्यवसाय भी नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। बैठक के मुख्य अतिथि न्यूक्लियस मॉल के ऑनर विष्णु अग्रवाल ने कहा कि व्यवसाय में निरंतर सफलता के लिए लगातार प्रयास करते रहना आवश्यक है। व्यापार में समय-समय पर नवाचार लाना चाहिए और ग्राहकों को बेहतर सेवा तथा गुणवत्तापूर्ण डिलीवरी देना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आज रेफरल बिजनेस तेजी से बढ़ रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। बीसीआई के मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि संगठन के सदस्य एक-दूसरे का सहयोग कर सामूहिक ताकत को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार के प्रति जुनून और समर्पण सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि व्यवसाय को लगन और प्रतिबद्धता के साथ किया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। बैठक में सदस्यों ने आपसी नेटवर्किंग, व्यापार विस्तार और रेफरल बिजनेस को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की।

### पुराने और जटिल दर्द का मिलेगा विशेषज्ञ इलाज




रांचीः पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची ने पुराने और लंबे समय से दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए अत्याधुनिक पेन मैनेजमेंट क्लिनिक की शुरूआत की है। इस क्लिनिक में नसों के दर्द, जोड़ों के दर्द, फ्रैक्चर के बाद होने वाले दर्द, बार-बार होने वाले सिरदर्द और रीढ़ से जुड़े दर्द का आधुनिक तकनीकों के माध्यम से इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। क्लिनिक में डॉ. कुमार दुश्यंत, कंसल्टेंट (एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट), अपनी सेवाएं देंगे। ओपीडी का समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। यहां मरीजों के लिए नर्व ब्लॉक एवं ट्रिगर प्वाइंट इंजेक्शन, पीआरपी एवं अल्ट्रासाउंड गाइडेड जॉइंट इंजेक्शन, स्पाइन पेन इंटरवेंशन तथा कैंसर पेन मैनेजमेंट एवं पेलिएटिव केयर जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन आधुनिक तकनीकों का उद्देश्य लंबे समय से दर्द से परेशान मरीजों को प्रभावी राहत प्रदान करना और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना है। अधिक जानकारी एवं अपॉइंटमेंट के लिए 8080808069 पर संपर्क किया जा सकता है। हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार ने कहा कि दर्द को लंबे समय तक नजरअंदाज करना कई बार गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। लगातार रहने वाला दर्द व्यक्ति की दैनिक गतिविधियों, कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इसलिए दर्द को सामान्य समस्या मानकर टालने के बजाय समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना, आवश्यक जांच कराना और उचित उपचार शुरू करना बेहद जरूरी है। पारस हेल्थ का पेन मैनेजमेंट क्लिनिक मरीजों को आधुनिक, सुरक्षित और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है, ताकि वे दर्दमुक्त और बेहतर जीवन जी सकें।

### नियुक्ति घोटाले में अब फॉरेस्ट गार्ड के रेंजर की परीक्षा भी पास करने की चर्चा सुर्खियों में

हजारीबाग। झारखंड राज्य में जेपीएससी-जेएसएससी नियुक्ति घोटाले के हंगामे के बीच कुछ फॉरेस्ट गार्ड के भी रेंजर की परीक्षा पास करने की इनदिनों बाजार में चर्चा जोरों पर हो रही है। इसका आधार जेपीएससी द्वारा आयोजित फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स की प्रारंभिक परीक्षा में ओएमआर शीट में हेराफेरी कर परीक्षा पास कराने की शिकायत है। फॉरेस्ट गार्ड के रेंजर की परीक्षा पास करने की चर्चा के दौरान यह कहा जा रहा है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल में कार्यरत दो फॉरेस्ट गार्ड और पूर्वी प्रमंडल हजारीबाग में कार्य फॉरेस्ट गार्ड रेंज ऑफिसर की प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुके हैं। जेपीएससी द्वारा परीक्षा में एक असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट के बेटे के भी जुगाड़ से रेंजर की परीक्षा पास करने की चर्चा खुब हो रही है। इसके अलावा एक फॉरेस्ट गार्ड ने जेएसएससी द्वारा आयोजित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की परीक्षा पास की। फिलहाल वह देवघर में पदस्थापित है। जानकार सूत्रों की माने तो वन विभाग के हजारीबाग सर्किल में छह वनरक्षी रेंज ऑफिसर की परीक्षा पास की है। यह मामला सीआईडी के जांच के दायरे में है।

## 'एसबीयू ने राष्ट्रीय नशा मुक्त युवा - विकसित भारत' अभियान में निभाई सक्रिय भागीदारी

सरला बिरला यूनिवर्सिटी ने नशा मुक्त युवा झ विकसित भारतऱ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन इंटरैक्टिव सत्र में सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम को भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। देशभर के विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की सहभागिता वाले इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक से हुआ, जिसमें नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली के महत्व पर बल दिया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जागरूकता, शिक्षा और सामूहिक उत्तरदायित्व के माध्यम से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

## जेपीएससी छात्रों के आंदोलन को मिला कांग्रेस का समर्थन, डॉ. कुमार राजा ने दिया आश्वासन

छात्रों की उम्मीद बनी कांग्रेस, डॉ. कुमार राजा बोले– आपके मुद्दों को लेकर संवेदनशील है सरकार एवं कांग्रेस पार्टी



रांची। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं ऱछात्रों की गूंजऱ कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक डॉ. कुमार राजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जेपीएससी, जेएसएससी में हुई गड़बड़ियों एवं अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठे छात्रों के बीच पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल ने करीब एक घंटे तक छात्रों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, पीड़ा और मांगों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना।उन्होंने कहा छात्रों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री, गठबंधन सरकार और कांग्रेस गंभीर हैं समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी है। इस दौरान डॉ. कुमार राजा ने छात्रों द्वारा रखी गई प्रत्येक मांग को विस्तार से कागज पर नोट किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी उनके संघर्ष को पूरी गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस विषय पर एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया है, जो शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात कर छात्रों की सभी जायज मांगों के समाधान के लिए मुलाकात करेगा। डॉ. कुमार राजा ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का एक मजबूत सेतु बनेगी। आपका संघर्ष केवल आपका नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। आप बिल्कुल चिंतित न हों, हम आपके साथ मजबूती से खड़े हैं और आपकी हर जायज मांग के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की बात सुनी जानी चाहिए और सरकार तक उनकी भावनाओं एवं अपेक्षाओं को सम्मानपूर्वक पहुँचाना जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। कांग्रेस पार्टी इसी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए छात्रों और सरकार के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का कार्य करेगी। धरनास्थल पर मौजूद छात्रों ने भी अपनी समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा तथा प्रतिनिधिमंडल के बीच पहुँचकर उनकी बात सुनने और समाधान का भरोसा देने के लिए आभार व्यक्त किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास दिलाया कि छात्रों के हितों की रक्षा और उनकी जायज मांगों के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि योग्य युवाओं के भविष्य के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो।

## वाईबीएन विश्वविद्यालय में 'GEN-Z Against Addiction: 'नशा मुक्त भारत-विकसित भारत' अभियान का आयोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का हुआ प्रसारण, युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प



रांची। वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा MY Bharat, Ranchi के सहयोग से "GEN-Z Against Addiction: नशा मुक्त भारतझविकसित भारतऱ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय संबोधन का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरणादायी संदेश में युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा नशामुक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएगा। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के संदेश को गंभीरता से सुना तथा उसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वाईबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्री रामजी यादव, MY Bharat, Ranchi की निदेशक श्रीमती ललिता कुमारी, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार, सीएमडी डॉ. अंकिता यादव, MY Bharat, Ranchi की उपनिदेशक श्रीमती श्वेता सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर तथा डॉ. गौरव मित्तल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री रामजी यादव ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। श्रीमती ललिता कुमारी ने कहा कि MY Bharat, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है और नशामुक्त भारत अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार ने कहा कि नशा व्यक्ति के व्यक्तित्व, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आग्रह किया। डॉ. अंकिता यादव ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक होकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# आठ घंटे बाद टावर से नीचे उतरा हीरालाल, पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम परिसर स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक हीरालाल रविवार को करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित नीचे उतर आया। अधिकारियों और मौके पर मौजूद लोगों के काफी समझाने-बुझाने के बाद वह नीचे आने के लिए राजी हुआ। नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने भेज दिया। टावर से उतरने के बाद हीरालाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के लिए नीचे आया है। नीचे आते ही वह भावुक हो गया और रोते हुए पत्नी व बच्चों से मिला। उसने अपने बच्चों को गोद में उठाया और काफी देर तक भावुक रहा।

मीडिया से बातचीत के दौरान हीरालाल ने आरोप लगाया कि वह सरकारी नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से परेशान है। उसका कहना था कि वह लंबे समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है, लेकिन भर्ती प्रक्रियाओं में कथित गड़बड़ियों के कारण उसे अब तक सफलता नहीं मिल सकी। उसने दावा किया कि इसी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान था।

हीरालाल ने अपने पारिवारिक जीवन को लेकर भी कई बातें कहीं। उसका आरोप था कि उसकी पत्नी एक मेडिकल दुकान संचालित करती है और अक्सर उसे ताने देती थी कि वह एक रुपया भी कमाने की क्षमता नहीं रखता। इसी कारण उसने मुख्यमंत्री से प्रतीकात्मक रूप से एक रुपये की मांग की थी। हालांकि, इन व्यक्तिगत आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

उसने यह भी कहा कि वह पिछले कई दिनों से जेपीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी के विरोध में चल रहे अभ्यर्थियों के आंदोलन में शामिल था और अपनी मांगों को विभिन्न माध्यमों से उठाता रहा। उसके अनुसार, आंदोलनकारी छात्रों की मांगों पर सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिए जाने से वह आक्रोशित था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हीरालाल को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उससे घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

उल्लेखनीय है कि जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। इसी बीच शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे हीरालाल धरनास्थल के समीप स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लगातार समझाने का प्रयास करते रहे। अंततः करीब आठ घंटे बाद अधिकारियों, पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रयास से उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

# सरकार को ST SC के साथ OBC की प्राथमिकताएं पर सर्वोच्च चिंतन जरूरी कई नियुक्तियों में भागेदारी शून्य चिंताजनक स्थिति : राणा

अरुण कुमार संवाददाता

**झारखंड देश का पहला राज्य जहां सबसे ज्यादा ओबीसी आबादी 60-65 फीसदी बावजूद अब तक 27 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं होना तनावपूर्ण विषय : कैलाश यादव**

**ST SC OBC को पूर्ण रूप से सरकारी छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलने से छात्रों के उच्च शिक्षा प्राप्ति पर असर संभव**



**रांची।** आज दिनांक 2/8/26 को झारखंड प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक गौतम सागर राणा के साथ राजद प्रवक्ता कैलाश यादव सहित अन्य नेताओं की औपचारिक बैठक विधायक अतिथि आवास में सम्पन्न हुई। इस दौरान चर्चा करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि राज्य निर्माण को 26 वर्ष हो गए लेकिन रळ रउ डइउ वर्ग की विकास की पहिया अभी भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्राथमिकताएं से बहुत दूर है ! जबकि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार राज्य को तेजी से विकास के मार्ग पर प्रशस्त किया है । युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की काबिलियत पर कोई सवाल नहीं है इनके नेतृत्व में लगभग 7 वर्षों के शासनकाल में कृषि क्षेत्र स्कूली शिक्षा सड़क बिजली पानी की स्थिति काफी बेहतर है ! विधि व्यवस्था भी संतोषजनक है और शासन प्रशासन का तालमेल समन्वय रूप से अच्छा कार्य कर रही है जबकि विपक्षी दल खासकर बीजेपी सरकार के विकासशील योजनाओं पर बेवजह बदनाम करने की असफल कोशिश करते रही है। राणा ने कहा कि हेमंत सरकार को युवाओं के शिक्षा व्यवस्था में लाभ देने के साथ भविष्य के समुचित विकास पर और गंभीर होने की जरूरत है और सभी प्राथमिकताओं में विशेषकर नियुक्तियों पर काम करने की आवश्यकता है। चर्चा के दौरान राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड राज्य देश का पहला राज्य है जहां ओबीसी की आबादी लगभग 60-65 फीसदी है लेकिन राज्य निर्माण के 26 वर्षो बाद भी ओबीसी को 27 प्रतिशत और अनुसूचित जाति को 14 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिला जिस कारण लगभग 25 लाख युवाओं का भविष्य बेकार हो गया। विदित है वर्ष 15 नवंबर 2000 को राज्य निर्माण के वक्त झारखंड में संवैधानिक तौर पर डइउ को 50 फीसदी आरक्षण लागू था लेकिन राज्य के प्रथम व तत्कालीन मुख्यमंत्री भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में जेडीयू आजसू सहयोगी एनडीए सरकार ने आरक्षण में संशोधन के तहत रळ को 7.5 से बढ़ाकर 26 एवं रउ 14 से घटाकर 10 तथा **OBC** को 27 से घटाकर 14 फीसदी कटौती कर तय कर दिया था। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में झामुमो कांग्रेस राजद तीनों दल महागठबंधन में शामिल होकर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दूसरे टर्म सरकार चल रही है। लेकिन राज्य में ओबीसी को 14 से 27 एवं अनुसूचित जाति को 10 से 14 फीसदी आरक्षण का पूर्ण लाभ नहीं मिला क्यों संवैधानिक तौर पर लागू नहीं हुआ। यादव ने कहा राजद का बुनिया अतिपिछड़े दलित अल्पसंख्यक आदिवासी समाज सहित दबे कुचले वंचित वर्गों का हितैषी रहा है। राजद सुप्रीमो लालू प्र यादव सामाजिक न्याय के प्रणेता एवं सद्भावना के प्रतीक रहे हैं इनका विचारधारा और नीतियों को बिहार झारखंड सहित देशभर के जन जन के लोगों ने स्वीकार्य किया है। राजद के लोगों में चिंता है कि हेमंत सरकार में आरक्षण व्यवस्था को मजबूती से लागू कर तमाम लोगों को लाभ पहुंचाने का काम करे। यादव ने कहा कि विदेशों में पढ़ने वाले राज्य के **ST SC OBC** के छात्रों को पूर्ण रूप से छात्रवृत्ति नहीं मिलने से छात्रों के शिक्षा पर असर पड़ेगा ,इस विषय पर केंद्र एवं राज्य के बीच विवाद नही होनी चाहिए केंद्र सरकार को छात्रवृत्ति देने पर अविलंब फैसला लेनी चाहिए। चर्चा के दौरान आबिद अली प्रणय कु बबलू ललन यादव बलदेव सिंह मेहरा चंद्रशेखर भगत पवन उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड में मंगलवार से भारी बारिश के आसार, कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मंगलवार से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि अगस्त माह में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है, हालांकि बीच-बीच में मौसम प्रणाली (सिस्टम) सक्रिय होने पर अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, जुलाई माह में राज्य में अपेक्षाकृत अच्छी बारिश दर्ज की गई। वहीं आने वाले दिनों में कुछ जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। विभाग के अनुसार, 5 अगस्त को उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और बोकारो में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिलों में भी वर्षा की गतिविधियां तेज रहने का अनुमान है। वहीं 6 अगस्त को हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, रांची, लोहरदगा, गुमला और खूंटी जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 43.2 मिलीमीटर वर्षा हजारीबाग डीवीसी क्षेत्र में दर्ज की गई। इसी अवधि में सरायकेला का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे। बीच-बीच में हल्की धूप निकलने से दिनभर गर्मी और उमस का एहसास बना रहा। रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 35 डिग्री और न्यूनतम 26.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.2 डिग्री और न्यूनतम 26.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 27.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33.8 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जेपीएससी परीक्षा विवाद पर छात्रों का सत्याग्रह नौवें दिन भी जारी, देवेंद्र नाथ महतो भूख हड़ताल पर बैठे

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जारी विवाद के बीच जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) में कथित अनियमितताओं के विरोध में छात्रों का सत्याग्रह आंदोलन रविवार को नौवें दिन भी जारी रहा। मोरहाबादी स्थित धरनास्थल पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। धरनास्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद कई गंभीर सवाल सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जब तक छात्रों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक सत्याग्रह आंदोलन और उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। महतो ने दावा किया कि आंदोलन के दौरान सामने आए तथ्यों और विभिन्न स्तरों पर हुई जांच से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि कथित अनियमितताओं की जांच का दायरा अब जेएसएससी की परीक्षाओं तक भी पहुंच गया है। देवेंद्र नाथ महतो ने मांग की कि 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को तत्काल रद्द किया जाए तथा विवादित परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल और अन्य भर्ती परीक्षाओं की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम जारी हुए एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे अभ्यर्थियों में निराशा और आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। उनका आरोप है कि सरकार छात्रों की मांगों और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों की अनदेखी कर रही है। धरनास्थल पर मौजूद अन्य छात्रों ने भी सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग करते हुए कहा कि जब तक परीक्षा विवाद का समाधान नहीं होता और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। छात्र नेताओं ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है तथा इसका उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और अभ्यर्थियों को न्याय दिलाना है।

# मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने बाबा आम्रेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अविनाश कुमार रविवार को अपनी पत्नी के साथ प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने स्वयंभू भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। उनके आगमन पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। पूजा-अर्चना के दौरान मुख्य सचिव ने भगवान भोलेनाथ को 35.5 किलोग्राम का नागदेव अर्पित किया। इसके बाद उन्होंने धाम परिसर स्थित विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। धाम परिसर का भ्रमण करने के बाद मुख्य सचिव ने वहां की प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाबा आम्रेश्वर धाम आस्था के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। उनका कहना था कि जहां प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व का समन्वय होता है, ऐसे स्थलों को बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। अविनाश कुमार ने कहा कि बाबा आम्रेश्वर धाम के निकट बनई नदी पर उच्चस्तरीय पुल के निर्माण को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस दिशा में शीघ्र पहल की जाएगी। उन्होंने धाम में उपलब्ध व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव ने मुख्य यजमान के रूप में भगवान भोलेनाथ को नागदेवता अर्पित किया। उन्होंने बताया कि समिति की ओर से राज्य सरकार से बाबा आम्रेश्वर धाम में जिला महोत्सव आयोजित कराने की मांग भी की गई, ताकि धार्मिक पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिल सके। इस मौके पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, उपाध्यक्ष आनंद वर्मा, उपेंद्र कश्यप, श्रीपाल जैन, परिमल घोष, जगदीश नाग, महेंद्र भगत, कैलाश भगत, नरेंद्र अधिकारी सहित समिति के अनेक सदस्य, जिला प्रशासन के अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### JPSC एवं JSSC परीक्षाओं में अनियमितता के विरोध में JLKM का एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन : प्रयाग



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा **(JLKM)** ने झारखंड लोक सेवा आयोग **(JPSC)** एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग **(JSSC)** की विभिन्न परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष एवं न्यायोचित जांच की मांग को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के निदेर्शानुसार आंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से आज पटेल छात्रावास, रामगढ़ में **JLKM** रामगढ़ जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जबकि संचालन रवि महतो द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने आगामी 04 अगस्त को जिला मुख्यालय रामगढ़ में आयोजित होने वाले एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव साझा किए। सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर आंदोलन में शामिल कराने का संकल्प व्यक्त किया। इस आंदोलन में पार्टी के केंद्रीय, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारियों तथा सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक के दौरान आगामी आंदोलन की रूपरेखा, संगठनात्मक रणनीति तथा जनसंपर्क अभियान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। खछङट ने राज्य के युवाओं, छात्रों एवं अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से इस आंदोलन में भाग लेकर निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया और पारदर्शी जांच की मांग को मजबूत करें। इस बैठक मे मुख्य रूप से रवि कुमार महतो, पानेश्वर महतो, राजेंद्र बेदिया, मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, मुस्लिम अंसारी, मनोरंजन महतो,प्रयाग महतो, भारती कुशवाहा, सीता देवी, लालू महतो, संजय महतो, त्रिभुवन महतो, एमडी नौशाद, रवि ठाकुर, नरेंद्र कुमार, राजू बेदिया, अबू शम्मा, तुलेश्वर महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब के द्वारा प्रथम पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच बांटा गया खाने का पैकेट



**रामगढ़।** रांची रोड रेलवे स्टेशन परिसर में रोटरी क्लब का रामगढ़ के सदस्यों ने रोटेरियन निलंजन दत्ता के माता-पिता स्वर्गीय मिनाती दत्त एवं स्वर्गीय रंजन कुमार दत्ता के प्रथम पुण्यतिथि को श्रद्धा सेवा और जनकल्याण की भाव के साथ मनाई इस अवसर पर कई रोटेरियनों के द्वारा आम जनमानस की सेवा हेतु फूड पैकेट का वितरण का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया खासकर आम राहगीरों असहाय लोगों फुटपाथ में रहने वाले लोगों एवं मजदूरों के बीच भोजन का पैकेट वितरण किया गया इस कार्यक्रम को रोटेरियन सुरेश पी अग्रवाल एवं रोटेरियन कांता सोबती ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय मितानी दत्त एवं स्वर्गीय रंजन कुमार दत्ता अत्यंत धार्मिक धर्म परायण समाजसेवी एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति के महिला पुरुष थे उनका जीवन संदेश सेवा त्याग एवं परिश्रम पर आधारित था रोटेरियन प्रदीप कुमार सिंह एवं रोटेरियन अरुण कुमार राय ने स्वर्गीय मितानी दत्त एवं स्वर्गीय रंजन कुमार दत्ता के बारे में कहा कि इन दोनों का जीवन सदा धार्मिक कार्यों सत्संग और कीर्तन में लीन रहता था और समाज के हर वर्ग की सेवा को अपना धर्म मानते थे उनका जीवन सामाजिक योगदान को याद करते हुए हम सभी उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।वही रोटेरियन अमरेश गणक रोटेरियन राजेश कुमार एवं वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन राजेश कुमार मोदी ने स्वर्गीय मितानी दत्त एवं स्वर्गीय रंजन कुमार दत्ता के बारे में कहा कि वे हमेशा मानव सेवा परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता को सबसे बड़ा धर्म मानते थे पुण्यतिथि पर रोटेरियन निलंजन दत्त के द्वारा रोटरी क्लब रामगढ़ के सहयोग से जरूरतमंदों को भोजन पैकेट वितरित करना एक बेहद पवित्र और सराहनीय कार्य है इस नेक काम से अपनों की यादें हमेशा जीवित रहती है और गरीबों को राहत मिलती है ।अंत में रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के सचिव रोटेरियन आशीष दत्ता धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि सभी सहयोगियों अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार प्रकट करता हूं आज के कार्यक्रम में खास तौर पर राहगीरों मजदूरों की सेवा को प्राथमिकता दी गई जिससे कार्यक्रम की मानवीय संवेदना स्पष्ट रूप से दिखाई दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश पी अग्रवाल,अरुण कुमार राय,प्रदीप कुमार सिंह,डॉक्टर कांता सोबती, निलंजन दत्त,अमरेश गणक,राजेश कुमार,राजेश कुमार मोदी,आशीष दत्त,संजय चौधरी,राहुल जैन पाटनी, नरेश पासवान अतिथि शिवनंदन प्रसाद सिंह,जयता दास रांची रोड रेलवे कर्मी अवधेश राम,नीलम एक्का, शिवकुमार, मुबारक,नीतीश कुमार,संजय कुमार सहित इस भोजन वितरण अभियान में सक्रिय सहयोग दिया कार्यक्रम की समापन गोलोकवासी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा समाज में सेवा सहयोग और मानवता की भावना को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

### 25 वर्षों में बना जिला परिषद का मैरिज हॉल, उद्घाटन के इंतजार में बना खंडहर

**एग्यारकुंड।** निरसा हटिया रोड स्थित जिला परिषद का मैरिज हॉल प्रशासनिक उदासीनता का एक बड़ा उदाहरण बनकर रह गया है। करीब 25 वर्षों में इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ। इस दौरान तीन जिला परिषद अध्यक्ष, पांच अभियंता (इंजीनियर) और तीन ठेकेदार बदले गए। निर्माण अवधि के दौरान कई बार प्राक्कलन राशि भी बढ़ाई गई और लाखों रुपये की लागत से भवन तैयार किया गया। वर्ष 2025 में भवन निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही इसका उद्घाटन होगा और क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर सुविधा मिलेगी। लेकिन उद्घाटन के इंतजार में यह भवन आज खुद बदहाली का शिकार हो गया है। वर्तमान में मैरिज हॉल के चारों ओर गंदगी फैली हुई है।असामाजिक तत्वों ने भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। कई जगह खिड़कियां और दरवाजे तोड़ दिए गए हैं तथा दिनभर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस मैरिज हॉल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी उत्कृष्ट लोकेशन है। यह हटिया रोड पर स्थित है तथा इसके आसपास स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान हैं। सुंदर वातावरण और सड़क किनारे होने के कारण यह सामाजिक आयोजनों के लिए आदर्श स्थान माना जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस भवन को जल्द चालू कर दिया जाए तो क्षेत्र के लोगों को कम लागत में बेहतर सुविधा मिल सकेगी और वर्षों की सरकारी लागत का भी सही उपयोग होगा। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उद्घाटन के अभाव में करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये की लागत से बना यह भवन धीरे-धीरे खंडहर में बदलता जा रहा है।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस मैरिज हॉल का भाग्य कब जागेगा।

# बड़कागांव सीएचसी से दवा ले जाने के मामले की जिला स्वास्थ्य विभाग ने की जांच

## छह माह का सीसीटीवी फुटेज मांगा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से कथित रूप से अवैध तरीके से दवा ले जाने के मामले की जांच के लिए हजारीबाग के सिविल सर्जन के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार को सीएचसी पहुंची। जांच टीम ने पूरे घटनाक्रम की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित कर्मियों एवं आरोपी से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। जांच टीम में क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ. सुभाष प्रसाद, डॉ. राहुल कुमार तथा सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मचारी शामिल थे। टीम ने सुरक्षा प्रहरी मो. एजाज, आरोपी यमुना प्रसाद, स्टोरकीपर गीता देवी तथा रंजीत ठाकुर का बयान कलमबद्ध किया। पूछताछ के दौरान यमुना प्रसाद ने जांच टीम को बताया कि उनके थैले में दवा के साथ कुछ राशन का सामान भी था। उनका कहना था कि दवा उन्होंने झारखंड मेडिकल से खरीदी थी और वे अस्पताल में एक प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) जमा कराने आए थे। इसी दौरान सुरक्षा प्रहरी ने उनका थैला जांच के लिए रोक लिया। जांच टीम ने मामले से संबंधित बड़कागांव थाना में दर्ज प्राथमिकी की प्रति, अस्पताल परिसर के पिछले छह माह का सीसीटीवी फुटेज तथा सभी संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों से लिखित स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। टीम का कहना है कि सभी दस्तावेजों और बयानों का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जांच के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार सहित अस्पताल के अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे। डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि मामले से जुड़े सभी पक्षों से पूछताछ की गई है और जांच प्रतिवेदन सिविल सर्जन को सौंपा जाएगा। प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा बाहर ले जाने की घटना सामने आने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठने लगे हैं। चर्चा है कि सुरक्षा प्रहरी द्वारा संबंधित व्यक्ति को पकड़ने के बाद कुछ स्वास्थ्य कर्मियों के हस्तक्षेप से वह वहां से चला गया। अब जांच का प्रमुख विषय यह है कि संबंधित व्यक्ति को दवा किसने उपलब्ध कराई, किन परिस्थितियों में दवा अस्पताल से बाहर लाई गई तथा यदि किसी कर्मचारी की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी। इन सभी बिंदुओं पर जिला स्वास्थ्य विभाग की जांच जारी है।

## आईआईटी (आईएसएम) में छात्रों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प




धनबाद। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत), धनबाद की ओर रविवार को आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के ऑडिटोरियम में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी (आईएसएम) के छात्र-छात्राओं, माय भारत स्वयंसेवकों और युवा क्लबों के सदस्यों सहित सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में बड़ी बाधा है और वर्ष 2047 तक विकसित और नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से डिजिटल संकल्प लिया। माय भारत, धनबाद के उप निदेशक सूर्यकांत कुमार ने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

## 'एक दिन स्कूल के बच्चों के साथ' कार्यक्रम में गरसुला पहुंचे बीडीओ, बच्चों संग खिचड़ी खाई और बैडमिंटन खेल बढ़ाया उत्साह

**विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का लिया जायजा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेलकूद को बढ़ावा देने पर दिया जोर**




बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जितेंद्र कुमार मंडल शनिवार को राज्य सरकार के 'एक दिन स्कूल के बच्चों के साथ' कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सुदूरवर्ती गरसुला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया, विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा शिक्षा के साथ खेलकूद के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय पहुंचने पर बीडीओ ने सबसे पहले मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया तथा बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर खिचड़ी का भोजन किया। बच्चों के साथ सहज एवं आत्मीय माहौल में भोजन करने से छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने भी अपने बीच बीडीओ को पाकर खुशी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान श्री मंडल विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ बैडमिंटन भी खेले। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ नियमित खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव होता है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी।

## बीआईटी सिंदरी में पाटलीपुत्र अस्पताल का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 109 मरीजों ने उठाया लाभ




धनबादः बीआईटी सिंदरी परिसर में रविवार को पाटलीपुत्र अस्पताल, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और विशेषज्ञ चिकित्सकों की परामर्श सेवा उपलब्ध कराना था। शिविर में कुल 109 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।शिविर में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश झा, यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक शरण, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. मृणाल झा, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अरुण अग्रवाला, दंत चिकित्सक डॉ. विकास कुमार तथा जनरल फिजीशियन डॉ. एस.डी. चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, पल्स तथा डेंटल स्क्रीनिंग की जांच की गई। जांच में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के 32, यूरोलॉजी के 19, जनरल सर्जरी के 18, डेंटल के 15 तथा जनरल फिजीशियन के 25 मरीजों का परीक्षण किया गया। जिन मरीजों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत मिले, उन्हें आवश्यक जांच एवं समुचित उपचार के लिए पाटलीपुत्र अस्पताल आने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी कि बीआईटी सिंदरी के सभी कर्मचारियों को पाटलीपुत्र अस्पताल में झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सीजीएचएस दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शिविर की सफलता में बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय, प्रशासन विभाग के बी.डी. यादव,

## रसायन मुक्त खेती की ओर बढ़ीं कटकमसांडी की महिलाएं, लीड्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सीखे जैविक कृषि के आधुनिक गुर

उज्जवल दुनिया संवाददाता




कटकमसांडी। महिला सशक्तिकरण एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लीड्स संस्था द्वारा राइज अप टुगेदर परियोजना के तहत 31 जुलाई से 2 अगस्त तक कटकमसांडी स्थित लीड्स प्रशिक्षण केंद्र में तीन दिवसीय सतत कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में गोशी, हरहद और लखनू गांवों की 30 महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को रसायन मुक्त एवं कम लागत वाली खेती के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर बेहतर उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को कैसे बनाए रखा जा सकता है। कार्यक्रम का नेतृत्व परियोजना समन्वयक सुश्री प्रेमलता बोडरा ने किया। वहीं रांची से आए प्रशिक्षक महेंद्र कुमार ने जैविक खाद निर्माण, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, फसलों के बेहतर प्रबंधन तथा कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को जीवामृत, बीजामृत और नीमास्त्र तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा सब्जियों की नर्सरी तैयार करना, बीज उपचार, जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा जैविक कीट नियंत्रण के प्रभावी उपाय भी सिखाए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं को बैंगन, टमाटर, मिर्च, भिंडी, लौकी, खीरा सहित विभिन्न हरी सब्जियों के बीज एवं पौधे वितरित किए गए। संस्था का उद्देश्य है कि प्रत्येक महिला अपने घर के पास 2.50 से 5 डिसमिल भूमि पर पोषण वाटिका विकसित कर परिवार की पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ अतिरिक्त आय का भी स्रोत तैयार कर सके।

### 25 वर्षों में बना जिला परिषद का मैरिज हॉल, उद्घाटन के इंतजार में बना खंडहर



एग्यारकुंड। निरसा हटिया रोड स्थित जिला परिषद का मैरिज हॉल प्रशासनिक उदासीनता का एक बड़ा उदाहरण बनकर रह गया है। करीब 25 वर्षों में इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ। इस दौरान तीन जिला परिषद अध्यक्ष, पांच अभियंता (इंजीनियर) और तीन ठेकेदार बदले गए। निर्माण अवधि के दौरान कई बार प्राक्कलन राशि भी बढ़ाई गई और लाखों रुपये की लागत से भवन तैयार किया गया। वर्ष 2025 में भवन निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही इसका उद्घाटन होगा और क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर सुविधा मिलेगी। लेकिन उद्घाटन के इंतजार में यह भवन आज खुद बदहाली का शिकार हो गया है। वर्तमान में मैरिज हॉल के चारों ओर गंदगी फैली हुई है।असामाजिक तत्वों ने भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। कई जगह खिड़कियां और दरवाजे तोड़ दिए गए हैं तथा दिनभर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# झारखंड आंदोलन के जन नायक क्रांति दूत शहीद शक्ति नाथ महतो जी का 78 वां जयन्ती समारोह धुम धाम से मनाया गया

तेतुलमारी- झारखंड आंदोलन के जन नायक क्रांति दूत शहीद शक्ति नाथ महतो जी का 78 वां जयन्ती समारोह शहीद शक्ति नाथ महतो चौक तेतुलमारी मे धुम धाम से मनाया गया। सर्व प्रथम पत्नी सुची देवी व पुत्री अंजना देवी दुध एवं गंगा जल से नहलाकर पुष्प अर्पित कर पुजा अर्चना की इपटा के कलाकारो ने श्रंधाजलि गीत प्रस्तुत कर सबके आखे नम कर दी सर्वमंगला पब्लिक स्कुल एन सी सी केडेट के बच्चों ने क्रांति दूत को सलामी देकर श्रंधाजलि अर्पित कर नमन किया तथा बौआ उत्क्रमित मध्य विधालय के बच्चों, एवं उत्क्रमित मध्य विधालय गंडुआ के के बच्चों एवं शिक्षक गण ने बड चढकर भागीदारी ली एवं भाव पुर्ण श्रंधाजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 5 के पार्षद निरुपमा देवी ने साड़ी देकर सम्मानित कि वहीं नौजवानों को गमछा देकर सम्मानित की,कार्यक्रम मे मुख्य रुप से श्रंधाजलि अर्पित करने वालो मे झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री सह मुख्य सचेतक माननीय मथुरा प्रसाद महतो,सिन्दरी विधायक चंद्रदेव महतो,निरसा विधायक अरुप चटर्जी,झरिया विधायक रागिनी सिंह, झारखंड के पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ,बाघमारा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजित कुमार बिमल,का हलधर महतो,भाजपा नेत्री तारा देवी,झा मु मो जिला सचिव मन्नु आलम,रमेश टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह भाजपा नेता शेखर सिंह,दीप नारायण सिंह,धनबाद प्रमुख सदर आरती देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी, मंटु चौहान,जिप सदस्य मो इसराफिल, जिप सदस्य बाणी देवी, पार्षद राम मुर्ति सिंह उर्फ छोटु सिंह,पार्षद निरुपमा देवी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ,तेतुलमारी थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ,पंसस सुधिर सिंह, डाअमृत त्रिगुनाईत,पार्थो त्रिगुनाईत, मुखिया मो आजाद, ब्रहमदेव यादव, संतोष महतो,निरंजन गोप, चक्रधर महतो, बबलू महतो, पंसस धनन्जय प्रसाद महतो, अमृत रवानी, समर्पण एक नेक पहल के केंद्रिय अध्यक्ष दिपेश चौहान, धिरेन रवानी, राजु प्रसाद हाडी, महादेव महतो, नरेश महतो, गोपु जी, दयाल महतो मनोज कुमार महतो, तिलकेश्वर महतो, राजेन्द्र प्रसाद राजा, समीर मंडल, आनन्द मंडल, राजु मंडल, सनातन सोरेन, सहित अनेको गणमाण्य लोगों ने शहीद शक्ति नाथ महतो के जीवनी विस्तार पुर्वक रखा । उन्होने गरीब किसान मजदुर शोषित पिडित छात्र नोजवानो के लिए लडा तथा उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया । कार्यक्रम में बच्चों को कापी कलम, तथा आये हुवे माता बहनो के बीच अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रुप से स्मारक समिति के शिव प्रसाद महतो,दयानन्द महतो,घलटु त्रिगुनाईत,लोक नाथ महतो,गोतम महतो,सतिश महतो,बिमल कुमार महतो,प्रेम चन्द महतो,नरेश महतो उर्फ बडा बाबू, प्रफुल मंडल,करम चंद महतो,दिनेश महतो,सपन पंडित मंटु कुम्हार,कैलाश महतो,रामाशिष चौहान,गिरधारी रवानी बबलू रवानी,बिनोद महतो,देवेन्द्र राणा,सहित स्मारक समिति के सभी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने मे लगे हुवे थे।




## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल व्यवसायी कपिल साहू की इलाज के दौरान मौत, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार



बरही। बरही के धनबाद रोड में 22 जून को हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 42 वर्षीय व्यवसायी सह महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष कपिल साहू का इलाज के दौरान शनिवार को रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। रविवार सुबह बरही मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजनों, जनप्रतिनिधियों, शुभचिंतकों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना के बाद से कपिल साहू का लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन चिकित्सकों के अथक प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उनके निधन से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी, तीन बच्चों और वृद्ध मां को छोड़ गए हैं। चार भाइयों में सबसे बड़े होने के कारण परिवार की अधिकांश जिम्मेदारियां उन्हीं के कंधों पर थीं। परिवार के प्रमुख कमाऊ सदस्य के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल, हजारीबाग रेफर

बरही। बरही थाना क्षेत्र के धनबाद रोड बाबा मेडिकल स्टोर के पास सड़क पार करने के दौरान 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान डेगन सिंह (80 वर्ष) पिता स्व. देवधारी सिंह कोनरा निवासी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, वृद्ध सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कई दिनों से लिफ्ट खराब, मरीज परेशान, अस्पताल प्रबंधन खामोशः सीटू



हजारीबाग। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल , हजारीबाग के एक बिल्डिंग का दोनों लिफ्ट खराब होने के क

रण सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि बीते दो सप्ताह से दोनों लिफ्ट खराब है। जिसके कारण मरीज बहुत परेशान है। विशेष कर ऑर्थो वार्ड के मरीज। एक्स-रे करवाना हो, प्लास्टर करवाना हो या ड्रेसिंग करवाना हो तो उसके परिजन सेकेंड फ्लोर से स्ट्रेचर पर लेकर नीचे उतरते हैं और फिर एक्स रे, प्लास्टर या ड्रेसिंग करवा कर उसको स्ट्रेचर पर उठा कर के सेकंड फ्लोर में ले जाते हैं। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट से कई बार बात करने का प्रयास किया गया पर वार्ता नहीं हो सकी। सुपरिंटेंडेंट फोन भी नहीं उठाते हैं। सी पी एम जिला कमिटी अस्पताल प्रबंधन से मांग करती है कि लिफ्ट को तत्काल आरंभ करें नहीं तो पार्टी आन्दोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेवारी अस्पताल प्रबंधन पर होगी।

### धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग जल्द चालू करने की मांग, बीसीसीएल की लापरवाही से अभी तक बंद पड़ा है रोड,



धनबाद : केंदुआडीह थाना क्षेत्र के समीप भू-धंसान के कारण बंद पड़े धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग को जल्द चालू कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने प्रधान मंत्री को पत्र लिखकर सड़क मार्ग को अविलंब चालू कराने की मांग की है। रत्नेश कुमार ने कहा कि बंद पड़े धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग सड़क के कारण आम जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन हजारों लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क बंद रहने के कारण लोगों को काफी दूरी तय करनी पड़ रही है । रत्नेश कुमार ने कहा कि बीसीसीएल की लापरवाही के कारण धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसके कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रही हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि बस दिखाया के लिए निरक्षण करते है लेकिन अभी रोड को चालू नहीं कराया गया । उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान प्रभावित क्षेत्र में गैस रिसाव की समस्या और बढ़ जाती है। भू-धंसान वाले इलाके से निकलने वाली जहरीली गैस हवा के साथ आसपास के क्षेत्रों में फैल रही है, जिससे केंदुआडीह क्षेत्र के लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। रत्नेश कुमार ने बीसीसीएल एवं डीजीएमएस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि दोनों विभागों की लापरवाही के कारण अब तक सड़क चालू नहीं हो सकी है। उन्होंने उपायुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा बंद पड़े सड़क मार्ग को जल्द चालू कराने की मांग की, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### जेएलकेएम के निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन

देवघर। श्रावणी मेला के शुभ अवसर पर देवघर में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का भव्य उद्घाटन डुमरी विधायक जयराम महतो ने किया। उद्घाटन के बाद विधायक जयराम महतो ने बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालु बोल-बम कांवरियों के बीच फल वितरित कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए देवघर पहुंचते हैं और ऐसे समय में निःस्वार्थ भाव से उनकी सेवा करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना होना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकताओं से श्रद्धालुओं की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। जेएलकेएम परिवार की ओर से संचालित इस सेवा शिविर में कांवरियों के लिए फल, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। संगठन के कार्यकर्ता पूरे समर्पण और सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे हुए हैं, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित, सुगम और सुखद बन सके। टइस अवसर पर जिला अध्यक्ष चन्दन वर्मा, केंद्रीय सचिव रंजीत रवानी, अमित मंडल, पूर्व प्रत्याशी अंग्रेज दास, जिला महासचिव खुशवंत प्रधान, अभिनव राऊत, पवन कुमार रवानी, अरूण मंडल, मिलन सेन, नगर अध्यक्ष संदीप यादव, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित राऊत, जिला सचिव रंधीर यादव, धर्मवीर राउत, विजय पोद्दार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, प्रवक्ता अखिलेश कापरी, नगर सचिव राज कुमार सहित संगठन के जिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विभावि के विवेकानंद सभागार में प्रधानमंत्री के वेबकास्ट का लाइव प्रसारण से लाभान्वित हुए विद्यार्थी

## विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को नशा से मुक्त रहना होगा: प्रधानमंत्री

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में रविवार को प्रधानमंत्री का वेबकास्ट कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का विषय था ₹नशा मुक्त युवा और विकसित भारत₹ का संकल्प। प्रधानमंत्री के स्क्रीन पर आते ही विद्यार्थियों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने कहा कि देश के युवा एक महान और महत्वपूर्ण संकल्प लेकर इस नशा मुक्ति अभियान से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के युवाओं को मन और तन से स्वस्थ रहने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें मादक पदार्थों की नशा से दूर रहना है। युवाओं को अमृत पीढ़ी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा अपनी ऊर्जा और कल्पना शक्ति से 2047 तक भारत को विकास के शिखर तक ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि नशा से एक सपने की बाल मृत्यु हो जाती है। यह एक मां की मुस्कान छीन लेता और पिता के सपनों को चूर-चूर कर देता है। इससे राष्ट्र शक्ति कमजोर पड़ जाती है। उन्होंने स्मरण दिलाया कि समाज हमेशा से ही नशे को बुराई की नजरों से देखा है। इस संबंध में उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब से कुछ पंक्तियों का पाठ भी किया। उन्होंने भरोसा दिलाया की नशा मुक्ति अभियान में केंद्र सरकार और राज्य की सरकार ₹मिशन मोड₹ में कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री से पूर्व भारत सरकार में युवा मामले के मंत्री मनसुख मांडवीया का संबोधन हुआ। इससे पूर्व विभावि के छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, कुलसचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, नशा मुक्ति नोडल विभाग के अधिकारी डॉ सुकल्याण मोइत्रा तथा योग केंद्र के निदेशक डॉ राजकुमार चौबे ने सभा को संबोधित किया। माय भारत केंद्र के अधिकारी रूद्र शेखर ने उपस्थित सभी शिक्षकों को शॉल ओढ़ा के सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई जिसका विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया। संत कोलंबा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देवेंद्र एवं जी एम इवनिंग कॉलेज के डॉ उमेश ठाकुर ने नशा-निषेध पर शपथ पाठ कराया। मौके पर यूसेट के निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा, विश्वविद्यालय के रूसा/पीएम-उषा के समन्वयक डॉ अरुण कुमार मिश्रा, दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ विजय कुजूर, मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार, अन्नदा महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ सुचोरिता घोष, प्रबंधन विभाग के डॉ सीताराम के अलावे स्थानीय महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवक, एनएसएस के सोनू कुमार तथा यूसेट, विधि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## 32 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षक नारायण प्रसाद मेहता को भावभीनी विदाई

उज्जवल दुनिया संवाददाता



पदमा। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोमी में अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ शिक्षक नारायण प्रसाद मेहता के 32 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित शिक्षकीय सेवा पूर्ण होने पर शुक्रवार को भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार शामिल हुए। समारोह में विद्यालय परिवार, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्री मेहता के उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने कहा कि नारायण प्रसाद मेहता ने अपने सेवाकाल में हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि समाज के चरित्र निर्माण की मजबूत नींव रखता है। श्री मेहता की कार्यनिष्ठा, अनुशासन, सादगी और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से श्री मेहता को पुष्पमाला, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने प्रिय गुरु के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। इस दौरान सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए वर्षों के अनुभव साझा करते हुए उनके सरल, सहयोगी एवं अनुशासित व्यक्तित्व की सराहना की। अपने विदाई संबोधन में भावुक हुए नारायण प्रसाद मेहता ने 32 वर्षों के शिक्षकीय जीवन को याद करते हुए विद्यालय परिवार, सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का वास्तविक सम्मान उसके विद्यार्थियों की सफलता में निहित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह के अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर रोमी पंचायत की मुखिया गुड़िया देवी, प्रतिनिधि सुनील मेहता, राजकुमार मेहता, पिरू मेहता, खेमलाल साव, जितेंद्र राणा, राजू शर्मा, रंजीत कुमार मेहता, शशिकला मेहता, सुदर्शन तिवारी, उपेंद्र कुमार मेहता, देवाशीष घोष, कंचन कुमारी, उज्ज्वल पाण्डेय सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## चौपारण में सड़क दुर्घटना में कंपनी कर्मी की मौत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



चौपारण: सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से भरी बस को मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद, संजय केशरी व रंजीत मालाकार ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु वैष्णो देवी, विंध्याचल, प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, मथुरा, हरियाणा, पंजाब, खाटू श्याम एवं चित्रकूट सहित देश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थलों के दर्शन करेंगे। बस रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद ने धार्मिक नारों के बीच श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। यात्रा के आयोजक रंजीत मालाकार ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कराना, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना तथा लोगों में धार्मिक एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने कहा कि ऐसी धार्मिक यात्राएं समाज में भाईचारे, आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करती हैं।

## कोयला ट्रांसपोर्टिंग से स्कूली छात्रों की बढ़ी परेशानी

**सुरक्षित आवागमन के लिए बस सुविधा की मांग**

उज्जवल दुनियां संवाददाता



केरेडारी। केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पचड़ा पंचायत के ग्राम शिझुवा, पचड़ा एवं नौवाखाप के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर पंचायत के मुखिया सह कांग्रेस नेता महेश प्रसाद साव के आवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने टंडवा स्थित उच्च विद्यालय एवं महाविद्यालय तक सुरक्षित आवागमन के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें कक्षा नौ से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए प्रतिदिन चतरा जिले के टंडवा जाना पड़ता है। वर्तमान में पचड़ा से उड़सु होते हुए तथा शिझुवा-बुकरू-चूदरू मार्ग से टंडवा तक उन्हें पैदल अथवा साइकिल से आवागमन करना पड़ता है। इन मार्गों पर आम्रपाली, चंद्रगुप्त, चट्टी बारियातू एवं केरेडारी कोल परियोजनाओं से चौबीसों घंटे सैकड़ों हाइवा एवं भारी वाहनों द्वारा कोयले का परिवहन किया जाता है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।छात्रों का कहना है कि चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में सार्वजनिक सड़क पर बिना ओवरब्रिज अथवा सुरक्षित वैकल्पिक रास्ता के व्यवस्था के भारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। इससे न केवल उनकी सुरक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि नियमित पठन-पाठन भी बाधित हो रहा है। विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन, पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव, सीसीएल के महाप्रबंधक तथा एमडीओ सुशी इंफ्रा माइनिंग (चंद्रगुप्त कोल परियोजना) से मांग की कि छात्रों के लिए नियमित बस सेवा उपलब्ध कराई जाए।

## सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा भारतीयता पर की गई संगोष्ठी: निर्मल जैन

उज्जवल दुनियां संवाददाता



हजारीबाग। एस डबलु सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा रविवार 2 अगस्त को नोएडा स्थित गौर स्पोर्टस वुड सोसाइटी सेक्टर 79 के सी टावर भारतीयता पर संगोष्ठी की गई फोरम के अध्यक्ष निर्मल जैन (ब्लड मेन) ने संगोष्ठी की शुभारंभ₹ भावना है मेरी सभी सुखी संसार हो ,सत्य संयम सत्य संयम शील का व्यवहार घर घरवार हो और यह मेरा उजडा हुआ भारत चमन गुलजार हो₹हमने वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से समस्त विश्व को अपना परिवार में उसका नाजायज फायदा उठाते हुए विदेशी आक्रांताओं ने हमारे देश पर आक्रमण करके हमारी संस्कृति को नुकसान पहुंचाया पर सबसे अधिक अंग्रेजों ने भारतीयों को मानसिक गुलाम बनाकर करके किया । अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा व्यवस्था पर प्रहार किया। 2 फरवरी 1835 में लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा कि मैंने भारत की चतुर्दिक यात्रा की मुझे वहां एक भी याचक, दरिद्र, चोर नहीं दिखा सभी अपने रोजगार में व्यस्त हैं यहां लंबे समय तक शासन करना है तो इनकी शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना होगा। इसी उद्देश्य 1855 में अंग्रेज शासको ने एक कानून पास करके भारतीय गुरुकुल प्रणाली को अवैध घोषित कर दिया उसे समय भारत में 7 लाख गुरुकुल थे ।एक भी व्यक्ति अशिक्षित नहीं था सभी को शिक्षा गुरुकुलों में निशुल्क दी जाती थी वहां की व्यवस्था श्रीमंतो और राजाओं के अनुदान से चलती थी। नगर के बडे घर की बच्चे हो यह निर्धन के बच्चे सभी को समान शिक्षा दी जाती थी 72 कलाओं की शिक्षा दी जाती थी कोई डिग्री नहीं थी वहां से निकाल कर कोई भी व्यक्ति बेरोजगार नहीं होता था। उनका कौशल इतना विकसित हो जाता था कि उन्हें किसी का मोहताज नहीं होना पड़ता था।

### शनिवार रात भगहर रोड से अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

हजारीबाग। जिले के चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार रात भगहर रोड से अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। ट्रैक्टर को थाना लाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भगहर रोड के रास्ते अवैध बालू की तस्करी की जा रही है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी की गई और बालू से भरा ट्रैक्टर पकड़ा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौपारण चतरा रोड पर रोजाना दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर अवैध बालू ढोते हैं। आरोप है कि तस्कर पकड़े जाने के डर से रातभर ट्रैक्टरों के आगे पीछे एस्कॉर्ट करते हैं। चतरा मोड़ के आसपास तस्करों के लोग पूरी रात निगरानी करते देखे जाते हैं ताकि पुलिस की भनक लगते ही सूचना पहुंचाई जा सके।

## एक नजर

### CEIR पोर्टल से पदमा ओपी पुलिस को सफलता, दो गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



पदमा। गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पदमा ओपी पुलिस को एक और सफलता मिली है। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सीईआईआर पोर्टल की मदद से दो गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। शनिवार को पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में बरामद मोबाइल दुलमी (रजरप्पा) निवासी रौशन करमाली तथा ब्रह्मबेला (पदमा) निवासी मनीष कुमार राणा को विधिवत सुपुर्द किया गया। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर दोनों लाभुकों ने पदमा ओपी पुलिस के प्रति आभार जताते हुए पुलिस की तत्परता और तकनीकी कार्यप्रणाली की सराहना की। ओपी प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि मोबाइल फोन गुम होने या चोरी होने की स्थिति में लोग बिना देर किए निकटतम थाना में सूचना दें तथा उएक्रपोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा और संपत्ति की सुरक्षा के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### पदमा ओपी पुलिस कि बड़ी कार्रवाई: विभिन्न मामलों के तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल।



पदमा। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों एवं फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पदमा ओपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों के तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में ब्रह्मबेला निवासी प्रताप कुमार मेहता (पिता-रामेश्वर प्रसाद मेहता), पिंडारकोण निवासी दिनेश महतो (पिता- स्व. बुलाकी महतो) तथा पदमा निवासी विजय सिंह को उनके विरुद्ध लंबित न्यायालयीय वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया। ओपी प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार वारंटियों और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी क्षेत्र में कोई फरार आरोपी या वारंटी छिपा हुआ है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना का सत्यापन कर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड के टुलकिट वितरण योजना अंतर्गत मारशल बुनकर समिति द्वारा चरही में प्रशिक्षण की शुरू

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही ग्राम में मुख्यमंत्री लघु एंव कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के टुलकिट वितरण योजनाअंतर्गत 10 दिवसीय सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण बोर्ड द्वारा टुलकिट वितरण योजनाअंतर्गत स्वीकृत मारशल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा दी जा रही है। प्रशिक्षण 10 दिवसीय है एवं बैच में कुल 15 अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं को प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण में सिलाई कढ़ाई संबंधित आधुनिक मशीन कंप्यूटरीकृत 3ि मशीन, कढाई मशीन एवं सिलाई की बुनियादी जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में गमछा, तौलिया, रूमाल, महिला सूट , पेटीकोट कपड़े बनाने की विधि सिखाई जा रही है । प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर सुरेश मुर्मू द्वारा दी जा रही है ।प्रशिक्षण ले रही सभी महिलाओ का आनलाइन आर्टिजन कार्ड मुख्यमंत्री लघु एंव कुटीर उद्यम विकास बोर्ड हजारीबाग दवारा बनाया जा रहा है ।टुलकिट वितरण योजनाअंतर्गत 90 अंशदान पे संस्था को सिलाई कढ़ाई संबंधित मशीन एवं टुलकिट मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड से दी गई है । प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देना। संस्था द्वारा यह प्रथम प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को वर्क आर्डर भी दिया जाएगा। बोर्ड के टुलकिट वितरण योजनाअंतर्गत कुल 05 प्रशिक्षण संस्था द्वारा महिलाओ को दी जाएगी ।

### खेत में काम करने के दौरान किशोर को सांप ने डंसा, अस्पताल में कराया गया भर्ती

बरही। खेत में कार्य करने के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर सर्पदंश का शिकार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान अभिषेक कुमार (15 वर्ष) पिता मंटू साव लखना निवासी के रूप में हुई। बताया गया कि वह खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक उसे सांप ने डंस लिया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। समय पर इलाज मिलने से किशोर की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। चिकित्सकों ने उसे निगरानी में रखते हुए आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया।

# कल्पतरु के पौधों से हरित हुआ झीलनगर, एनसीसी कैडेटों ने रैली निकाल जगाई पर्यावरण चेतना

**एक वृक्ष माँ के नाम: अभियान के तहत झीलनगर में कल्पतरु सहित पीपल एवं कदंब का पौधरोपण**

**22 झारखंड बटालियन एनसीसी एवं 'मेरी धरती मेरी जिम्मेवारी' समूह के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण का भव्य आयोजन**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। 'एक वृक्ष माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत रविवार को झीलनगर, हजारीबाग स्थित इंदिरा गर्ल्स स्कूल के पीछे भव्य वृक्षारोपण, पर्यावरण जागरूकता रैली एवं संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। 22 झारखंड बटालियन एनसीसी तथा 'मेरी धरती मेरी जिम्मेवारी' समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व एवं सांस्कृतिक चेतना से जोड़ते हुए जन-जागरण का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के कंपनी कमांडर कैप्टन (डॉ.) एस. के. पाण्डेय के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने झीलनगर में भव्य पर्यावरण जागरूकता रैली एवं पदयात्रा निकाली। रैली में 'मेरी धरती मेरी जिम्मेवारी' समूह के मुख्य संयोजक डॉ. मनोज कुमार सिंह (बरगद बाबा) भी कैडेटों के साथ पूरे उत्साह से शामिल हुए। कैडेटों एवं नागरिकों ने पूरे मार्ग में पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में जोशीले नारे लगाए 'वृक्ष सदा करते कल्याण, कहते हैं सब वेद-पुराण।' 'वृक्ष में बसा है भगवान, मानव इसे क्यों अनजान।' 'नन्हे पौधे का अरमान, बनने दो मुझे वृक्ष महान।' 'वृक्ष पक्षियों के आवास, इनमें करते देव निवास।' 'नन्हा पौधा बनता पेड़, सुख-समृद्धि देता ढेर।' इन नारों से पूरा झीलनगर क्षेत्र पर्यावरण संरक्षण के संदेश से गुंजायमान हो उठा। रैली के दौरान लोगों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने, उनका संरक्षण करने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की गई। रैली के उपरांत आयोजित पौधरोपण समारोह के मुख्य अतिथि 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आर. के. रवि थे। उन्होंने कहा कि ₹एनसीसी का उद्देश्य केवल अनुशासित युवा तैयार करना नहीं, बल्कि राष्ट्र और प्रकृति के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाना भी है। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन, स्वच्छ वायु और सुरक्षित पर्यावरण का आधार बनेगा।₹ उन्होंने कैडेटों से पौधरोपण को जीवनभर चलने वाला जन-अभियान बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि हजारीबाग नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि 'हरित और स्वच्छ हजारीबाग का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण को अपना व्यक्तिगत दायित्व समझे। एनसीसी कैडेट समाज के अनुकरणीय युवा हैं। यदि वे एक-एक पौधे के संरक्षण का संकल्प लें, तो पूरा शहर हरित क्रांति का उदाहरण बन सकता है।'लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, हजारीबाग के अधीक्षक चंद्रशेखर प्रसाद सुमन ने कहा कि ₹वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि मानव जीवन के मौन रक्षक हैं।

# उर्वरक कारोबारियों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन, समस्या से कराया अवगत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। रासायनिक उर्वरक की आपूर्ति में आ रही समस्याओं को लेकर बरही उर्वरक व्यावसायिक संघ के सदस्यों ने शनिवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीओ जोहन टुडू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यवसायियों ने यूरिया और डीएपी की आपूर्ति के साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य टैगिंग पर रोक लगाने की मांग की। व्यवसायियों ने बताया कि उर्वरक आपूर्ति करने वाली कंपनियां यूरिया और डीएपी के साथ नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सल्फर, बोरॉन, जिंक, मैग्नीशियम, कैल्शियम सहित अन्य जैव उत्पाद भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराती हैं। किसानों की इन उत्पादों में रुचि नहीं होने से उनकी बिक्री नहीं हो पाती और समय बीतने पर उत्पाद एक्सपायर हो जाते हैं, जिससे खुदरा विक्रेताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसका असर उर्वरकों की लागत पर भी पड़ता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सरकार की ओर से खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। परिवहन का अतिरिक्त खर्च व्यवसायियों को स्वयं वहन करना पड़ता है, जबकि उनके लिए कोई निर्धारित कमीशन या लाभांश भी तय नहीं है। इससे व्यवसायियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। एसडीओ जोहन टुडू ने व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी से वार्ता कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन पर सुनील कुमार केसरी, विनय साव, विजय कुमार, दिलीप कुशवाहा, अनुज कुमार, आशीर्वाद प्रसाद, लोकेश कुमार, मनीष कुमार, सत्येंद्र प्रसाद महतो सहित बरही, चौपारण और पदमा के उर्वरक व्यवसायियों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

# आईआईटी (आईएसएम), धनबाद में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सफल सीधा प्रसारण

## 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत युवाओं ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




टुंडी/धनबाद : रविवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत, धनबाद द्वारा संचालित नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सफल सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी (आईएसएम) के छात्र-छात्राओं, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के स्वयंसेवकों, युवा क्लबों के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने प्रेरक संबोधन में प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने नशा मुक्त भारत के निर्माण में परिवार, शैक्षणिक संस्थानों और समाज की सामूहिक भागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने ₹नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का डिजिटल संकल्प लिया। इसके बाद मेरा युवा भारत, धनबाद के उप निदेशक सूर्यकांत कुमार ने उपस्थित सभी युवाओं को नशा मुक्ति शपथ दिलाई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशा मुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री के संदेश ने विशेष रूप से युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने, सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा नशा मुक्त भारत, विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। आईआईटी (आईएसएम), धनबाद एवं मेरा युवा भारत, धनबाद के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह कार्यक्रम नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## बीजीएच में बीएसएल शीर्ष प्रबंधन का 'लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन', स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन का 'लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक, अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, कार्यस्थल की दक्षता बढ़ाना, टीमवर्क को प्रोत्साहित करना तथा नवाचार और सतत सुधार की संस्कृति को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अतिथियों के स्वागत के साथ की। इसके बाद सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल की उपलब्धियों, विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने बीजीएच में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आधारभूत संरचना के विकास और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से समर्पण, नवाचार, संवेदनशीलता और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीजीएच को उत्कृष्ट, आधुनिक और रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं का आदर्श केंद्र बनाने के लिए सभी स्तरों पर खुले संवाद और रचनात्मक सुझावों का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मियों ने भी अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। बीएसएल प्रबंधन ने इसे अस्पताल की सेवाओं को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और मरीजों की जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## पूर्वी टुंडी में जेएलकेएम की संगठनात्मक बैठक: 27 पदों के लिए दावेदारी, अध्यक्ष पद की दौड़ में 5 दावेदार

**टुंडी/पूर्वी टुंडी।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी टुंडी प्रखंड के शंकरडीह में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रखंड संगठन के पुनर्गठन एवं विस्तार को लेकर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान संगठन के कुल 27 पदों के लिए विभिन्न कार्यकताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। बैठक का सबसे चर्चित विषय प्रखंड अध्यक्ष पद रहा, जिसके लिए पांच सक्रिय कार्यकताओं ने अपनी दावेदारी पेश की। सभी दावेदारों ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक का सफल संचालन युवा मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष मनीष राय ने किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महासचिव सलाउद्दीन अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष पप्पू पहाड़ी, जिला वरीय उपाध्यक्ष रोहित कुमार मंडल, जिला वरीय उपाध्यक्ष संतोष राय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती महतो तथा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राकेश कर्मकार ने किया। इस अवसर पर अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े दर्जनों कार्यकताओं ने जेएलकेएम की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नेताओं ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव कनक गुप्ता ने कहा कि जेएलकेएम पूरी तरह से जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि माटी और आम जनता से जुड़े लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं, जो संगठन की बढ़ती सक्रियता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकताओं के उत्साह, समर्पण और मजबूत संगठन के बल पर पार्टी आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। जिला कमेटी के नेताओं ने बताया कि संगठन के सभी 27 पदों पर योग्य, सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

## बोकारो पुलिस का विशेष अभियान : 17 वारंटी व फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**बोकारो।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत बोकारो जिला पुलिस ने पिछले रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान वारंटी, फरार अभियुक्तों एवं लंबित मामलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन कार्रवाई की गई। पुलिस ने अभियान के दौरान कुल 17 वारंटी एवं फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच, लंबित वारंटों का निष्पादन तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या थानावार इस प्रकार है–चास थाना, 3, पिण्ड्राजोरा थाना - 2,चास (मु.) थाना, 1, बरमसिया ओपी, 1, बालीडीह थाना झ्र 4, चतरोचट्टी थाना, 1, बीएस सिटी थाना झ्र 1, कसमार थाना झ्र 1, जरीडीह थाना, 1,पेटरवार थाना झ्र , कथारा ओपी झ्र 1 शामिल है । पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकिउं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## 8 हजार रुपये की रिश्वत ने छीन लिया एक शिक्षक और पैदा कर दिया एक कुख्यात नक्सली?

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**टुण्डी।** हर कुख्यात नाम के पीछे सिर्फ अपराध की कहानी नहीं होती, कई बार एक अधूरा सपना, टूटा हुआ विश्वास और व्यवस्था से मिली गहरी चोट भी होती है। एक करोड़ रुपये के इनामी रहे नक्सली मिसिर बेसरा की कहानी भी कुछ ऐसे ही सवाल छोड़ती है। गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड के हरलाडीह ओपी क्षेत्र स्थित मदनाडीह गांव का यह युवक बचपन में पढ़ाई में काफी तेज माना जाता था। परिवार के लोगों के अनुसार उसका सपना था कि वह सरकारी शिक्षक बने और गांव के बच्चों को पढ़ाए। परिजनों का दावा है कि शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया के दौरान उससे 8 हजार रुपये रिश्वत मांगी गई। उस समय यह रकम एक साधारण ग्रामीण परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। लाख कोशिशों के बावजूद परिवार पैसे का इंतजाम नहीं कर सका। दूसरी ओर, जिन अभ्यर्थियों ने कथित रूप से पैसे दिए, उन्हें नौकरी मिल गई। इस घटना ने मिसिर बेसरा को भीतर तक तोड़ दिया। परिवार का कहना है कि उसी दिन उसके मन में व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश पैदा हुआ। इसके बाद उस दौर में झारखंड (तत्कालीन बिहार) के जंगलों में सक्रिय माओवादी संगठनों ने ऐसे ही व्यवस्था से निराश युवाओं को अपने साथ जोड़ना शुरू किया। धीरे-धीरे मिसिर बेसरा भी उसी रास्ते पर चला गया और देखते ही देखते वह देश के सबसे वांछित माओवादी नेताओं में गिना जाने लगा। सुरक्षा एजेंसियों ने उस पर करोड़ों रुपये का इनाम घोषित किया और दशकों तक उसके खिलाफ अभियान चलते रहे। लेकिन आज भी उसका गांव एक सवाल पूछता है–अगर उस युवक को समय पर एक शिक्षक की नौकरी मिल जाती, तो क्या वह कभी बंदूक उठाता? यह सवाल किसी अपराध का बचाव नहीं है। हिंसा और निर्दोष लोगों की जान लेने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। लेकिन यह जरूर सोचने पर मजबूर करता है कि क्या भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और व्यवस्था से मोहभंग कभी-कभी युवाओं को गलत रास्ते की ओर धकेल देते हैं? समाजशास्त्री भी मानते हैं कि जब युवाओं को लगातार अन्याय का अनुभव होता है और अवसरों के दरवाजे बंद दिखाई देते हैं, तब कट्टरपंथी और उग्र संगठन उन्हें अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। ऐसे संगठन व्यवस्था से नाराज युवाओं की भावनाओं का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें हिंसा की राह पर ले जाते हैं। आज जब नक्सलवाद अपने अंतिम दौर में माना जा रहा है, तब मिसिर बेसरा की कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं रह जाती। यह उस व्यवस्था पर भी सवाल है, जिसमें एक होनहार छात्र का सपना टूट गया और उसकी जगह बंदूक ने ले ली। सबक यही है–अगर व्यवस्था पारदर्शी हो, युवाओं को न्याय मिले और भ्रष्टाचार पर समय रहते अंकुश लगे, तो शायद कई हाथों में कलम ही रहे, हथियार नहीं।

## 'नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की असली ताकत', पीएम मोदी के संदेश से गूंजा चिन्मय विद्यालय

### 375 से अधिक विद्यार्थियों ने लाइव संबोधन सुना, शपथ लेकर नशामुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका और नशामुक्त समाज के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को चिन्मय विद्यालय, बोकारो में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 375 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी संबोधन से लाइव जुड़कर प्रेरणा ली। ह्यविकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवाह्न अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत और विकसित भारत की रीढ़ हमारे युवा हैं। विद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शांति पाठ और गीता पंचामृत के सामूहिक पाठ से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रेरक भाषण, स्लैम पोएट्री और नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने 'नशा मुक्त भारत' की शपथ लेते हुए स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार के सपनों और भविष्य का विनाश करता है। उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर.एन. मलिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, वरीय उप-प्राचार्य नरमेंद्र कुमार एवं उप-प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा उपस्थित रहे। एनआईसी बोकारो के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 12 की छात्रा राशि ने किया, जबकि संयोजन सुब्रत गुप्ता एवं विद्यालय स्टूडेंट काउंसिल ने किया।

## दिशोम गुरु' के संघर्ष को मिलेगा जन-जन का सम्मान, 4 अगस्त को बोकारो में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

### रॉक गार्डन का नाम शिबू सोरेन के नाम पर रखने और प्रतिमा स्थापित करने की उठी मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता और 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि 4 अगस्त को बोकारो टाउन हॉल मोड़ के समीप शिबू सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। साथ ही जिला प्रशासन से रॉक गार्डन पार्क का नाम 'वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन' के नाम पर रखने तथा उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई है। जिला अध्यक्ष रतन लाल मांझी ने कहा कि शिबू सोरेन ने अपने अदम्य साहस, संघर्ष और कुशल नेतृत्व से अलग झारखंड राज्य के आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने जल, जंगल, जमीन और झारखंडी अस्मिता की लड़ाई को सड़क से सदन तक बुलंद किया। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा और इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि दिशोम गुरु केवल एक नेता नहीं, बल्कि झारखंड के गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और मूलवासियों की पहचान हैं। यदि उनका नेतृत्व नहीं होता तो अलग झारखंड राज्य का सपना साकार होना कठिन था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुजी के सपनों के झारखंड को विकास और खुशहाली की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिला सचिव मुकेश कुमार महतो ने कहा कि शिबू सोरेन ने 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना कर जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को जनांदोलन बनाया तथा तीन दशक के संघर्ष के बाद 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड राज्य का सपना साकार हुआ। बैठक में संतोष रजवार, जयनारायण महतो, इकबाल अहमद, मोहन मुर्मू, फैयाज आलम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### निरसा में दस करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का शुभारंभ




**एग्यारकुंड।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा संचालित '10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' के शुभारंभ के अवसर पर रविवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, निरसा शाखा में जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक, परिवार, शैक्षणिक संस्थान तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। अभियान का उद्देश्य लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्रव्यापी नशामुक्ति आंदोलन को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बी.के. शांति दीदी ने आध्यात्मिक मूल्यों एवं राजयोग ध्यान के माध्यम से आंतरिक सशक्तिकरण और नशामुक्त जीवन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच,आत्मविश्वास और आध्यात्मिक जागरूकता युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील कुमार एवं डॉ.अवंतिका ने उपस्थित युवाओं एवं नागरिकों को स्वस्थ, मूल्यनिष्ठ और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 80 प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ लेते हुए संकल्प लिया कि वे सभी प्रकार के नशों से दूर रहेंगे, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाएंगे, अपने परिवार में नशामुक्त वातावरण बनाएंगे तथा कम से कम 10 अन्य लोगों को भी राष्ट्रीय नशामुक्ति अभियान से जोड़कर समाज में जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर बी.के. शक्ति, बी.के. नीलम, बी.के. रिया, बी.के. सुषमा बहन तथा होप क्लीनिक से सीता बहन पानसरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे।

### जेपीएससी पेपर लीक युवाओं से विश्वासघात, निष्पक्ष जांच हो : आप

**बोकारो।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं अनियमितताओं के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर सुमन ने कहा कि यह मामला राज्य के लाखों युवाओं के भविष्य और विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की विश्वसनीयता लोकतंत्र और सुशासन की आधारशिला होती है। यदि भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं तो सबसे अधिक नुकसान उन अभ्यर्थियों का होता है, जिन्होंने वर्षों की मेहनत और ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी की है। भास्कर सुमन ने राज्य सरकार से पूरे मामले की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि दोषी चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेपीएससी की निष्पक्षता पर पहली बार सवाल नहीं उठे हैं। राज्य की सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा बार-बार विवादों में रहने से युवाओं का भरोसा कमजोर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और आजसू की सरकारों के दौरान भी जेपीएससी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं, इसलिए किसी भी दल के पास इस मुद्दे पर नैतिक बढ़त नहीं है। आप नेता ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा, पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वतंत्र निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड का युवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि निष्पक्षता और न्याय चाहता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं का विश्वास बहाल करे और यह सुनिश्चित करे कि प्रतिभा का सम्मान हो, भ्रष्टाचार का नहीं।

### झारखंड की नई औद्योगिक नीति 10 साल की हो, स्थानीय उद्योगों को मिले 25 प्रतिशत खरीद की गारंटी : शशि भूषण विश्वकर्मा

**बोकारो।** झारखंड सरकार की प्रस्तावित औद्योगिक नीति-2026 पर सुझाव देने की अंतिम तिथि 31 जुलाई के बाद एमएसएमई एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने राज्य सरकार को अपना विस्तृत सुझाव सौंप दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि भूषण विश्वकर्मा ने कहा कि नई औद्योगिक नीति कम से कम 10 वर्षों के लिए लागू होनी चाहिए और 'वोकल फॉर लोकल' के तहत राज्य सरकार, केंद्र सरकार तथा बड़े उद्योगों के लिए 25 प्रतिशत खरीद स्थानीय एमएसएमई इकाइयों से अनिवार्य की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित औद्योगिक क्लस्टर कच्चे माल की स्पष्ट आपूर्ति नीति के अभाव में घाटे में चल रहे हैं। प्रत्येक जिले में लैंड बैंक, निजी क्षेत्र में इंडस्ट्रियल पार्क व स्पेशल इकोनॉमिक जोन, समयबद्ध सिंगल विंडो सिस्टम, उत्पादकता या टर्नओवर आधारित सब्सिडी और शुरूआती पांच वर्षों तक जीएसटी में राहत जैसी व्यवस्था नीति में शामिल करने की मांग की गई है। विश्वकर्मा ने बोकारो को विकसित जोन में रखकर विशेष सुविधाओं से वंचित किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि जिले का अधिकांश हिस्सा आज भी औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा है, इसलिए इसे विशेष प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक जिले में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, टेक्नोलॉजी सेंटर और गुणवत्ता केंद्र स्थापित करने, औद्योगिक विवादों के त्वरित समाधान के लिए स्थायी समिति बनाने तथा स्थानीय कार्यालयों को अधिक अधिकार देने की भी मांग की।उन्होंने आधुनिक कोयला आधारित उद्योग, ग्रीन एनर्जी, परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं, वन आधारित उद्योगों के विकास, विश्वविद्यालयों को उद्योगों से जोड़ने तथा कैंपस प्लेसमेंट की व्यवस्था को भी नई औद्योगिक नीति में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि यदि सरकार इन सुझावों को लागू करती है तो झारखंड देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में शामिल हो सकता है।

### निरसा-जामताड़ा रोड के फुटपाथ दुकानदारों ने पुनर्वास व किराया निर्धारण की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** निरसा-जामताड़ा रोड किनारे वर्षों से अपनी दुकान चलाने वाले फुटपाथ दुकानदारों ने अपनी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उपायुक्त, धनबाद को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दुकानदारों ने दुकानों को चिन्हित कर नियमित किराया निर्धारित करने तथा पुनर्वास की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि वर्ष 1998 में सड़क चौड़ीकरण के दौरान उन्हें हटाया गया था। उस समय प्रशासन द्वारा पुनर्वास का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद वर्ष 2010 में जिला परिषद द्वारा 160 दुकानों के निर्माण की स्वीकृति भी दी गई, लेकिन आज तक योजना पूरी नहीं हो सकी। ज्ञापन में दुकानदारों ने कहा कि यदि सभी दुकानों का उचित किराया निर्धारित किया जाए, तो सरकार को नियमित राजस्व प्राप्त होगा, सैकड़ों परिवारों का रोजगार सुरक्षित रहेगा और सड़क किनारे फैली अव्यवस्था समाप्त होने से यातायात भी सुगम होगा। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उनकी वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन, प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन से युवाओं में उत्साह





उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। उधर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार एवं प्रसिद्ध कवि सुबोध कुमार झा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सौरभ पाण्डेय, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत उपस्थित रहे। जहां अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा और भविष्य दोनों को प्रभावित करता है। आगे उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वही कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं से जुड़े और उन्हें नशा मुक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया। जहां प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक संबोधन को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच नृत्य, भाषण एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में मो. अशरफ, राजू कुमार गोंड, प्रिया भारती एवं पवन कुमार ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वही कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अनिल कुमार, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, मेरा युवा भारत के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राहुल, चंदन, कौशर, अजय सहित जवाहर नवोदय विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया और नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। जहां अंत में अतिथियों ने मेरा युवा भारत एवं जवाहर नवोदय विद्यालय परिवार के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ साथ विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाते हैं।

## भाजपा ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक बड़ी कोदरजन्ना में हुई आयोजित



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** भारतीय जनता पार्टी साहिबगंज ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक रविवार को साहिबगंज सदर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हाजीपुर पूरब बड़ी कोदरजन्ना शक्ति केंद्र में आयोजित हुई। जहां इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकर्ता ही संगठन की पूंजी है। जहां भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारी और कार्यकताओं से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी जनता से जुड़ी हर एक समस्या को ध्यान में रखते हुए उनके समस्या का समाधान का निवारण कैसे होगा, इस बात पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही साथ केंद्र सरकार की चल रही बहुत सारी महत्वाकांक्षी योजना की बृहद पैमाने पर आम जनता को देने का प्रयास करें जिससे हमारे समाज के सभी योग्य लाभुकों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे है।

## जेपीएससी जेएसएससी परीक्षा में धांधली के विरोध में 5 अगस्त को रैली

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ छात्रों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जहां इसी कड़ी में आगामी 5 अगस्त दिन बुधवार को एक विशाल विरोध रैली निकाली जाएगी।
जहां इसको लेकर साहिबगंज कल्याण छात्रावास के छात्र नायक अमित हांसदा एवं प्रभारी छात्र नायक सोनू कुमार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। जहां उन्होंने बताया कि रैली साहिबगंज महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समाहरणालय पहुंचेगी, जहां उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वही छात्र नेताओं ने कहा कि परीक्षा में पारदर्शिता बहाल करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर यह रैली आयोजित की जा रही है। आगे उन्होंने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में कल्याण छात्रावास के सैकड़ों छात्र छात्राएं भाग लेंगे। उधर
छात्रों ने आम लोगों से भी इस आंदोलन में समर्थन देने की अपील की है, ताकि युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ एक मजबूत आवाज उठाई जा सकें। उधर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में छात्र सचिव बाबुधन सोरेन, सुमन कुमार, मिथलेश कुमार, रितेश कुमार, मनीष कुमार, मालवेन सोरेन, गोनू मरांडी, बिमल मुर्मू, रावण हेंब्रम, पूर्व छात्र नायक मनोहर कुमार उपस्थित थे।

## कोटालपोखर तिलभिट्टा रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत, पहचान की पुष्टि में जुटी पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**बरहरवा/साहिबगंज:** हावड़ा रेलमंडल के कोटालपोखर तिलभिट्टा रेलवे ट्रैक पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जहां यह घटना पोल संख्या 161/30 के समीप हुई है जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया था। उधर घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जहां पाकुड़ आरपीएफ इंस्पेक्टर कुलदीप यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है जहां शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उधर प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के बगदाबरा निवासी अशोक कुमार के रूप में बताई जा रही है। हालांकि, आरपीएफ और स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वही पुलिस मृतक की शिनाख्त सुनिश्चित करने और परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रही है। उधर पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान औपचारिक पुष्टि और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## साहिबगंज की महिला कांवरिया देवघर में हुई लापता, परिजन परेशान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के एक महिला कांवरिया देवघर से एकाएक रहस्यमय ढंग से अचानक लापता हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के चांदशहर गांव निवासी सुबोल रविदास की पत्नी प्रमिला रविदास बीते बुधवार को गांव के करीब नौ अन्य श्रद्धालुओं के साथ देवघर में बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करने के लिए घर से रवाना हुई थी। जहां सभी श्रद्धालु पहले ऑटो से तीनपहाड़ पहुंचे और वहां से ट्रेन के माध्यम से बिहार के सुल्तानगंज पहुंचे। जहां सुल्तानगंज में उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल भरने के बाद पूरा जत्था पैदल देवघर के लिए रवाना हुआ। बताया गया कि बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सफलतापूर्वक जलार्पण करने के बाद अचानक प्रमिला रविदास अपने साथियों से बिछड़ गईं जहां काफी देर तक उनके वापस नहीं आने पर साथियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका है। वही महिला कांवरिया का कोई पता नहीं चलने पर साथ गए श्रद्धालुओं ने तत्काल देवघर स्थित सहायता केंद्र में पहुंचकर उनके लापता होने की सूचना दर्ज कराई है। वही इसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को भी दी गई जहां सूचना मिलते ही परिवार के सदस्यों की चिंता बढ़ गई है और वे लगातार महिला कांवरिया की तलाश में जुट गए हैं। उधर महिला कांवरिया के परिजनों ने लोगों से अपील किया है।

# राजमहल विधायक एमटी राजा ने सदन में उठाया था कोचिंग शुरू करने का मामला: एस. अली

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** झारखंड हज हाउस में 29 जुलाई से 12 अगस्त तक जेपीएससी एवं जेएसएससी से सबंधित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर स्नातक उत्तीर्ण अभ्यार्थियों से आवेदन मांगा गया है जहां झारखंड सरकार की यह पहल काफी सराहनीय है। मालूम हो कि वर्ष 2019 में झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस. अली के द्वारा तत्कालीन अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाजी हुसैन अंसारी को बिहार सरकार के तर्ज पर हज हाउस झारखंड में अल्पसंख्यक कोचिंग शुरू करने का प्रस्ताव दिया था जिसपर हाजी हुसैन अंसारी अपने हायत में स्वीकृति प्रदान किए थे। वही उनके इंतकाल के बाद मंत्री हफीजुल हसन ने अल्पसंख्यक कोचिंग शुरू करने को लेकर मीटिंग एवं निर्देश दिया था लेकिन अनुसूचित जनजातीय, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के अधिकारियों का लेटलतीफी रवैया के कारण मामला लटका रहा। उधर जब राजमहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनकर आए मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा

को इसकी जानकारी दी गई तो इन्होंने अल्पसंख्यक निशुल्क कोचिंग योजना हज हाउस में शुरू करने के मामला को गंभीरता से लिया और मार्च 2026 में विधानसभा सत्र के दौरान से मुद्दे को पूरजोर तरीके से उठाया जिसके बाद सबंधित विभाग में तेजी देखी गई और 6 साल के लंबे इंतजार के बाद झारखंड हज हाउस में मुख्यमंत्री निशुल्क अल्पसंख्यक कोचिंग शुरू होने जा रही है जिससे पैसे की अभाव में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी नही कर पा रहे अल्पसंख्यक समुदाय के निर्धन छात्रों को लाभ मिलेगी।उधर झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस. अली ने झारखंड सरकार एवं राजमहल विधायक एमटी राजा का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक निशुल्क कोचिंग योजना के संकल्प 2024 में उल्लेखित यूपीएससी, नीट एवं प्रतियोगिता परीक्षा को शामिल करते हुए छात्रों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएड भवन में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत विषय पर संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित




**साहिबगंज:** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्र निदेशालय पटना के द्वारा आयोजित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रविवार को नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान संवाद कार्यक्रम के तहत साहिबगंज महाविद्यालय के बीएड भवन में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी कुमार प्रशांत भारती के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वयंसेवक कार्यक्रम में युवा एवं खेल मंत्रालय के विभाग से जुड़े। बताते चलें कि पूरे भारत में 125 संस्थाओं का चयन किया गया था इसमें साहिबगंज महाविद्यालय भी एक था जहां इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को चुना गया था। जहां उनमें उपरोक्त विषय के आलोक में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के माध्यम से युवाओं में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक जन अभियान संचालित किया गया। जहां कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में एनआईसी टीम के सनी लिंडा एवं नीरज कुमार ने सहयोग प्रदान किया। जहां इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई छात्र छात्राएं उपस्थित रहे और साथ ही बीएड विभाग के सहायक प्राध्यापक नितिन कुमार घोष, डॉ. मनोज कुमार, प्रदीप कुजुर, रेखा चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं में धांधली को लेकर जेएलकेएम पार्टी 4 अगस्त को जिला मुख्यालय में करेगी धरना प्रदर्शन



**साहिबगंज:** तीनपहाड़ श्रम कल्याण भवन बाबूपुर के मीटिंग हॉल में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के निदेर्शानुसार केंद्र, जिला, प्रखंड तथा पंचायत स्तरीय समिति के द्वारा जेपीएससी तथा जेएसएससी की परीक्षाओं में हो रही धांधली एवं अनियमितताओं को लेकर जिला मुख्यालय में 4 अगस्त 2026 को सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन की सफलता हेतु बैठक आहूत की गई। जहां इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार महतो के द्वारा की गई। इस बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश महतो, उपाध्यक्ष विपिन कुमार ₹पंकज₹, प्रीतम कुमार ₹पीयूष₹, बरहेट विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी थॉमस सोरेन, राजमहल के पुर्व प्रत्याशी मोतीलाल सरकार, जिला महासचिव नारायण महतो, शिव शंकर महतो, कोषाध्यक्ष विशु कर्मकार, जिला सचिव रविन्द्र महतो, एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पहाड़िया, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो, रितिक यादव, मो. जियाउल हक, सुनील कुमार मिश्रा, ज्ञानदेव मंडल समेत पार्टी के प्रभारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया एवं जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कई तरह के आवश्यक चर्चा की गई।

### बरहरवा से हजारों झामुमो कार्यकर्ता दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर होंगे शामिल



**बरहरवा:** झामुमो जिला समिति के निदेर्शानुसार रविवार को पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शक्तिनाथ अमन के आवासीय कार्यालय में झामुमो नगर कमिटी की बैठक की गई। जहां इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने की। उधर बैठक में मुख्य रूप से 4 अगस्त दिशोम गुरु वीर स्व. शिबू सोरेन के प्रथम पुण्यतिथि पर सिद्धो कान्हू स्टेडियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचने को लेकर चर्चा की गई। जहां नगर कमेटी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने बारी बारी से अपनी अपनी बातों को रखा। उधर सभी झामुमो कार्यकताओं की बातों को सुनने के बाद कमेटी ने निर्णय लिया कि 4 अगस्त को हजारों हजार की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता बस से सड़क मार्ग के द्वारा झंडा बैनर ढोल नगाड़े के साथ साहिबगंज जाएंगे। आगे बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की नगर कमिटी के जो कार्यकर्त्ता निष्क्रिय हो गए है उन्हें पदमुक्त करते हुए नए लोगो को समिति में शामिल किया जाएगा। वही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की नगर अध्यक्ष व सचिव जल्द ही झामुमो नगर कार्यालय खोले जाने को लेकर पहल करेंगे। इस बैठक के मौके पर मो. इकबाल हुसैन, दिनेश सेन, शकील परवेज, बमबम महतो, धर्मेंद्र साह, नीलकंठ साह, शुभाशीष कुमार, नीरज महतो, वरुण मंडल, विकास रजक समेत अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले में 3 से 7 अगस्त तक विशेष प्रमाण पत्र शिविर होगी आयोजित, स्थानीय निवासी, जाति, आय व ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र होंगे निर्गत

**साहिबगंज:** जिले के नागरिकों को स्थानीय निवासी, जाति, आय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन 3 अगस्त से 7 अगस्त 2026 तक विशेष प्रमाण पत्र निर्गमन एवं वितरण अभियान चलाएगा। जहां इस दौरान जिले के सभी अनुमंडल एवं अंचल कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जहां झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, रांची के निर्देश के आलोक में आयोजित इस अभियान के तहत नए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। वहीं पूर्व से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन कर प्रमाण पत्र निर्गत एवं वितरित किए जाएंगे। उधर यह शिविर प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगे। जहां साहिबगंज एवं राजमहल अनुमंडल कार्यालयों के साथ साथ जिले के सभी नौ प्रखंडों साहिबगंज, मंडरो, बोरियो, बरहेट, राजमहल, बरहरवा, उधवा, पतना और तालझारी के अंचल कार्यालयों में यह अभियान चलेगा। जहां अभियान के दौरान सभी आवेदन झारसेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे तथा प्रत्येक आवेदक को अनिवार्य रूप से पावती रसीद उपलब्ध कराई जाएगी।

## संपादकीय

### शोध विद्यार्थियों के लिए आपातकाल का सन्दर्भ ग्रन्थ

1975 में भारत में लागू किए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ व अनुभवी पत्रकार अजय सेतिया द्वारा लिखित और सुप्रसिद्ध प्रभात प्रकाशन की ओर से प्रकाशित 240 पृष्ठों की पुस्तक 'आपातकालः आन्दोलन और विश्वासघात की अंतर्कथा' भरपूर सामग्री और तथ्यों से लैस है। लेखक, जो आपातकाल के पूर्व एक युवा राजनीतिक कार्यकर्ता थे और जिन्हें आपातकाल में बंदी भी बनना पड़ा, उन्होंने आपातकाल संबंधी साहित्य के अध्ययन एवं अपनी प्रत्यक्ष जानकारियों के आधार पर एक समृद्ध पुस्तक तैयार की है। वैसे तो आपातकाल संबंधी अनेक पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं, फिर भी संभवतः इस पुस्तक में जिज्ञासुओं को नया कुछ जानने का अवसर मिलेगा। आपातकाल से जिनका गहरा नाता रहा और जो स्वयं आपातकाल के संबंध में शोध आधारित नई पुस्तकें लिख रहे हैं, ऐसे वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय ने पुस्तक के प्राक्कथन में लिखा है-'इमरजेंसी पर पुस्तकों की तो कोई कमी नहीं हैं। फिर भी यह पुस्तक इसलिए बहुत उपयोगी है क्योंकि ज्यादातर पुस्तकें ऐसी हैं, जो इमरजेंसी के संदर्भ पर ध्यान नहीं देतीं। अजय सेतिया की यह पुस्तक पाठकों को उस दौर में चित्रवत पहुँचाती है।' पुस्तक की प्रासंगिकता के बारे में लेखक ने दो वजहें बताई हैं। वे लिखते हैं–'दूसरी वजह पहली वाली वजह से भी ज्यादा गंभीर है। आपातकाल की पचासवीं सालगिरह पर मार्क्सवादी कम्युनिस्टों और समाजवादियों ने आपातकाल के दौरान घटी घटनाओं को इतना विकृत करने का प्रयास किया कि सच्चाई का दस्तावेज सामने लाना जरूरी हो गया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने आपातकाल का विरोध जरूर किया था लेकिन आपातकाल के खिलाफ सत्याग्रह या भूमिगत आंदोलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी, जबकि समाजवादियों की आंदोलन और लोक संघर्ष समिति में सक्रिय भागीदारी थी। लेकिन ज्यादातर समाजवादी शुरू के दिनों में ही गिरफ्तार हो गए थे।

## आज का राशिफल

**मेष** – रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी।

**वृष** – कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** -जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे।

**कर्क** - परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

**सिंह** -मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या** – शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** – कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

वृश्चिक -स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भागदौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**धनु** –महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**मकर** –धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**कुंभ** – शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन** – धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

## दैनिक पंचांग

**3 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.36 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कन्या | 08.48 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | तुला | 10.59 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.13 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.29 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मकर | 17.35 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.24 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 00.04 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मिथुन | 02.03 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 04.16 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 215 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 22.55 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 22.01 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 21.14 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 11.09 बजे तदनन्तर तैतिल 22.55 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $17^{0}$ 33'
**सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872790
**जूलियन दिन** 2461255.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर **तारीख** 19
**विशेष** मौना पंचमी, श्रावण सोमवार व्रत, डॉ. मैथिली शरण गुप्त जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# गंगा न्यायमूर्ति भुयान के लिए भले सिर्फ नदी हो, पर करोड़ों के लिए आस्था की अविरल धारा है



- डॉ. मयंक चतुर्वेदी



**'गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥'**

भारतीय घरों में प्रतिदिन उच्चारित होने वाला यह मंत्र, वस्तुतः उस सभ्यता की घोषणा है जिसने नदियों को संसाधन नहीं, माता माना, जल को पदार्थ नहीं, जीवन माना और गंगा को नदी नहीं, संस्कृति की भावधारा से जोड़ा इसीलिए जब कोई यह कहता है कि गंगा तो बहता हुआ पानी है अथवा उसके संदर्भ में सिर्फ यह तर्क देता है कि 'गंगा के किनारे चिकन खाने पर कोई कानून नहीं है', तब यह तर्क और विवाद किसी भोजन या गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रह जाता, वह भारत की सांस्कृतिक चेतना और आधुनिक विधिक दृष्टि के बीच संवाद का प्रश्न बन जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान ने वाराणसी के उस प्रकरण का उल्लेख करते हुए, जिसमें गंगा तट पर चिकन बिरयानी खाकर इफ्तार करने वाले कुछ युवकों की गिरफ्तारी हुई थी, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की रक्षा का पक्ष रखा। आप कह सकते हैं कि उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से यूपी सरकार में पुलिस की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। हो सकता है उन्हें जो कानून के विद्यार्थी सुन रहे थे, वह उनके पद एवं प्रतिष्ठा के प्रभाव में आकर उनकी बातों को सच माल लें! किंतु इस पक्ष से जुड़ा एक सच यह भी है कि क्या भारतीय संविधान किसी की भावनाओं और आस्था से खिलवाड़ करने के लिए कोई अवसर देता है? बेशक, लोकतंत्र में यह चिंता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। किसी नागरिक की स्वतंत्रता का अनावश्यक हनन नहीं होना चाहिए, परंतु प्रश्न यह भी है कि क्या किसी पवित्र स्थल की मयार्दा को सिर्फ इस आधार पर परखा जा सकता है कि उस संबंध में कोई दंडात्मक कानून है या नहीं? इसलिए जो मर्जी आए करें! अपनी जूठन उस पवित्र जल में डालें, जिसके प्रति करोड़ों लोग आस्थावान हैं। सोचिए, सामने से देखने पर यह दृश्य कितना खराब लगता है, जब आप शाकाहारी हों, नदी के प्रति पवित्र भाव रखते हों और उसी नदी के ऊपर कुछ लोग आकर मांसाहार करें, फिर उसके अवशेष पवित्र जल में मिला दें। यहां आप ये कृत्य कर रहे हैं और दूसरी जगह कोई उस जल को बहुत ही श्रद्धा से आचमन कर रहा है, पवित्र 'शुद्धिकरण मंत्र' भी बोल रहा है-

**अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा। यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥**

यानी वह इस मंत्र के साथ तीन बार केशव, नारायण एवं माधव का नाम स्मरण कर उसे पी रहा हो, तब आप स्वयं विचार करें कि जो यह पवित्र जल पी रहा है, वह इस तरह के मांसाहार से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद क्या अपना भाव उतना ही पवित्र रख सकेगा, जिस भाव से वह गंगा में पवित्रीकरण करने पहुंचा था? साथ ही इस क्रिया के अलावा अनेक श्रद्धावान अपनी बॉटल में भरकर गंगाजल को घर के मंदिर में रखने के लिए ले जाते हैं, तब क्या इस स्थिति में, इस भाव में वह जल किसी भी मंदिर में रखेजाने योग्य है? स्वभाविक है कि भारत की हिन्दू चेतना इस प्रश्न का उत्तर ₹नहीं₹ में देती है।

**कानून समाज को चलाता है, किंतु संस्कृति समाज को जीवित रखती है**

काश; हमारे न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान को कोई यह अवश्य बताए कि सभ्यताएँ सिर्फ संविधान की धाराओं पर नहीं टिकतीं, वे स्मृतियों, प्रतीकों और श्रद्धा पर भी खड़ी होती हैं। यदि कानून ही अंतिम सत्य होता, तो संसार में ₹मयार्दा₹ जैसा कोई शब्द नहीं होता। किसी न्यायालय में प्रवेश करते समय लोग स्वतः संयमित हो जाते हैं। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। बलिदानी स्मारकों पर ऊँचे स्वर में ठहाके नहीं लगाते। इन सबके लिए हर क्षण पुलिस या दंड संहिता की आवश्यकता नहीं पड़ती। भारत के उच्चतम न्यायालय के प्रतीक चिन्ह के नीचे ₹यतो धर्मस्ततो जयः₹ लिखा हुआ है, क्योंकि समाज सिर्फ भय से नहीं, संस्कार से भी संचालित होता है। ठीक उसी प्रकार गंगा के घाट करोड़ों लोगों के लिए मंदिर के समान पवित्र हैं। वहाँ आचरण का निर्धारण विधिक प्रावधानहीं करते हैं, यहां तो सांस्कृतिक मयार्दा भी बहुत कुछ तय करती है।

**गंगा, भारत की नसों में बहती हुई सभ्यता**

गंगा का इतिहास वेदों से प्रारंभ होता है। ऋग्वेद के नदी सूक्त में गंगा का स्मरण है। वाल्मीकि रामायण में वह भगीरथ की तपस्या है। महाभारत में भीष्म की माता गंगा हैं। विष्णु पुराण उन्हें विष्णुपदी कहता है। स्कंद पुराण तो स्पष्ट घोषणा ही कर देता है-

**'गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि।मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति॥'**

भारतीय परंपरा में गंगा जल ही वह जल है, जिसका एक पात्र हर हिन्दू घर में रखा जाता है। जन्म के संस्कार में वही गंगाजल छिड़कता है। विवाह की प्रतिज्ञा उसी के साक्ष्य में होती है। मृत्यु के समय अंतिम बूंद भी उसी की चाही जाती है। वस्तुतः जो नदी मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक उसके साथ चलती है, उसे सिर्फ ₹जल₹ कहना उस भावलोक को नकार देना है, जिसमें भारत सहस्राब्दियों से साँस लेता आया है।

भगवान श्रीकृष्ण ने भी गंगा को अपनी विभूति कहा है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवी।' (गीता 10.31) यानी कि नदियों में मैं स्वयं जाह्नवी अर्थात गंगा हूँ। निश्चित ही उनका यह कथन गंगा को दिव्यता के सर्वोच्च प्रतिमान के रूप में स्थापित करती है। फिर यदि भारतीय समाज गंगा के प्रति असाधारण श्रद्धा रखता है, तो उसका आधार हजारों वर्षों की दार्शनिक परंपरा भी है।ह्ल पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी गंगा के सामने नतमस्तक थे, उन्होंने अपनी वसीयत में लिखा- ₹गंगा भारत की नदी है... उससे हमारी जातीय स्मृतियाँ, हमारी आशाएँ, हमारे भय, हमारी विजय और हमारी पराजय जुड़ी हुई हैं। नेहरू स्वयं आधुनिक वैज्ञानिक सोच के पक्षधर थे, किंतु उन्होंने भी गंगा में भारतीय आत्मचेतना को देखा।भले ही फिर नेहरुजी की नीतियों एवं अन्य मामलों में कई मोर्चों पर आलोचना होती होगी, किंतु गंगा को लेकर उनका सदैव ही स्पष्ट मत रहा और उस मत से देखें तो गंगा एक पवित्र नदी है, जिसे अपवित्र करने का अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता है। यदि नेहरू, विवेकानंद, शंकराचार्य, तुलसीदास, कबीर और महात्मा गांधी, सभी गंगा को भारत की सांस्कृतिक धुरी मानते हैं, तो प्रश्न उठता है कि क्या आधुनिक विधिक विमर्श में उस सांस्कृतिक सत्य के लिए पर्याप्त स्थान बचा है?

**स्वतंत्रता का अधिकार और संवेदनशीलता का दायित्व**

लोकतंत्र अधिकार देता है; किंतु अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व भी जोड़ता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि समाज की गहरी आस्थाओं की उपेक्षा कर दी जाए। संविधान नागरिक को अधिकार देता है, पर वही संविधान प्रत्येक नागरिक से यह अपेक्षा भी करता है कि वह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करेगा। यही कारण है कि किसी धार्मिक स्थल पर आचरण व्यक्तिगत पसंद तक सीमित नहीं रहता है, वह सभी के हित से जुड़ा रहता है। अब न्यायमूर्ति भुयान ने स्वयं अपने व्याख्यान में कहा कि न्यायपालिका की वास्तविक शक्ति न धन है, न तलवार, उसकी सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। वस्तुतः गहराई से देखें तो यही बात इस प्रसंग पर भी लागू होती है। जनता का विश्वास विधिक प्रज्ञा से बनने के साथ ही वह इस अनुभूति से भी बनता है कि न्यायपालिका समाज की संवेदनाओं को समझती है। भारतीय न्याय व्यवस्था तभी अधिक प्रतिष्ठित होगी, जब वह संविधान के अक्षर के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक आत्मचेतना और गौरव को भी समान सम्मान देगी।

**भारत को समझे के लिए गंगा को समझना**

आज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम भारत को सिर्फ विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति की कसौटी पर पढ़ने लगे हैं, जबकि भारत का वास्तविक परिचय उसकी सभ्यता में है। गंगा इस देश के लिए 2,525 किलोमीटर लंबी यात्रा पूर्ण करती है। वे हिमालय से समुद्र तक बहती हुई वह सांस्कृतिक चेतना हैं, जिसने उत्तर और दक्षिण, पूर्व और पश्चिम, भाषा और जाति, गाँव और नगर इन सभी को एक सूत्र में बाँध रखा है। यहां समझने वाली बात यह भी है कि किसी कानून में यह नहीं लिखा कि माँ के चरण छूना अनिवार्य है, फिर भी भारतीय ऐसा करते हैं। ऐसे ही किसी भी अधिनियम में यह भी नहीं लिखा कि तिरंगे को प्रणाम करना आवश्यक है, फिर भी राष्ट्रभक्ति ऐसा करवाती है। उसी प्रकार गंगा के प्रति श्रद्धा किसी दंड संहिता से नहीं मिलती, वह तो भारतीय चेतना में स्वतः स्फुरित है। अच्छा हो, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान भारत को वास्तविक अर्थों में समझने के लिए यहां के आस्था प्रतीकों, परंपराओं का भी गहरा अध्ययन कर लेवें। निश्चित ही न्यायमूर्ति भुयान जब ऐसा कर रहे होंगे, तब उन्हें समझ आ जाएगा कि भारत सिर्फ संविधान की धाराओं से नहीं चल रहा है, उसके पीछे जो अनेक शक्तियां कार्य कर रही हैं, उनमें से एक धारा गंगा की भी है, जोकि देश के हर हिन्दू घर एवं हृदय से होकर गुजर रही है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी के व्यापक अर्थ

अरुण कुमार दीक्षित

पत्रकारिता का संबंध जन सरोकारों से है। पत्रकारिता लोकहित का माध्यम है। पत्रकारिता राष्ट्र के तीनों आयामों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका को सत्य, न्याय और पारदर्शी बनाने की प्रमुख भूमिका में होती है। तभी इसे राष्ट्र का चौथा स्तम्भ माना गया है। निरंकुश राजनीति पर प्रहार करती है। मानवीय मूल्यों की तरफदारी करती है पत्रकारिता। समाज में पत्रकारिता से नया वातावरण सृजित होता है। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पत्रकारिता जगत को आत्ममंथन करना चाहिए। जुलाई माह में दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गिरीश कठपालिया की टिप्पणी के गहन और व्यापक अर्थ हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मोबाइल और माइक लेकर घूमने वाला प्रत्येक व्यक्ति खुद को पत्रकार बताने लगा है। प्रेस की स्वतंत्रता जरूरी है लेकिन गैरजिम्मेदार पत्रकारिता से डराना-धमकाना बर्दाश्त नहीं होगा। न्यायाधीश की यह चिंता सही है। मोबाइल के आने के बाद अच्छी-बुरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। अच्छी वे खबरें जो जन सरोकारों से जुड़ी हों। राष्ट्र समाज के संवर्धन की हों। राष्ट्र समाज प्रथम की कार्रवाई से जुड़ी हर खबर अच्छी मानी जाएगी। बुरी खबरें वे हैं जिससे समाज टूटता हो। समाज विघटित होता हो। राष्ट्र की कानून-व्यवस्था को खतरा हो। डेढ़-दो दशक से करोड़ों सूचनाएं हैं। यह सूचनाएं व्यक्ति के मस्तिष्क को मथती हैं। व्यक्ति को तनाव में ले जाती हैं। हिंसक बनातीं हैं। हिंसा की ओर प्रेरित करने वाली होती हैं। कई बार लोग आत्महत्या तक कर लेते हैं। शुभता वाली सूचनाओं का अभाव है। सनसनी फैलाती खबरें समाज के लिए लाभदायक नहीं होती। अशुभ सूचनाओं की लोकप्रियता है। समाचार माध्यमों और पत्रिकाओं को व्यक्ति के लिए परामर्श वाले लेख लिखने पड़ रहे हैं कि तनाव में न रहें लोग। हरियाली वाले क्षेत्रों में पार्कों में घूमने जाएं। संगीत का आनंद लें। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। करें योग रहे निरोग का स्मरण भी कराना पड़ रहा है। वीडियो जारी करने पड़ते हैं कि अमुक कार्य करने से तनाव हटता-घटता है। इसकी मुख्य वजह है बुरी सूचनाओं का आग की तरह भारी फैलाव। प्रत्यक्ष अपराध के मामलों की तरह अप्रत्यक्ष अपराध बढ़े हैं। हिंसा बढ़ी है। बैंकों में जमा धन खाताधारकों की बिना जानकारी के निकल जाता है। इसे साइबर क्राइम कहा गया है। इसको लेकर सरकार ने मोबाइल फोन के रिंगटोन में भी सतर्क रहने के संदेश डाले हैं। अज्ञात व्यक्तियों और मोबाइल नंबरों से दूरी बनाए रखने के भी संदेश हैं। मोबाइल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाएं आती हैं। समझना जरूरी है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई घटना नहीं होती। दोनों पक्ष दूर होते हैं। अज्ञात होते हैं। स्त्री या किसी काल्पनिक अपराध में संलिप्त बताकर व्यक्ति को डरा-धमका कर बैंक खातों में धन हस्तांतरित करा लिया जाता है। अश्लीलता का सहारा लेकर अपराध बढ़े हैं। स्त्रियों के विरुद्ध और स्त्रियों के द्वारा भी अपराधों को किया जा रहा है। इस पूरे सिस्टम में वीडियो, ऑडियो, रिकार्डिंग को लेकर चित्रों तक से ब्लैकमेलिंग का जोरदार खेल चल रहा है। जब तक पीड़ितों की शिकायतें पुलिस तक जाती हैं तब तक देर हो चुकी होती है। तथाकथित पत्रकारों द्वारा खबर चलाने की धमकी दी जाती है, आंशिक खबरें डालकर बुलाया जाता है, पीछा किया जाता है। तथाकथित पत्रकारों द्वारा किसी अच्छे काम को पल भर में मिथ्या आरोपी अपराधी करार दिया जाता है। इस तरह पत्रकारिता का चेहरा वीभत्स बनाए जाने में बड़ी संख्या में तथाकथित मोबाइल, माइकधारी जुटे हैं। हमें यह स्मरण रखना होगा कि भारत और भारत के बाहर भी हमारे पूर्वजों ने पत्रकारिता को गुलामी, शोषण, अत्याचार के विरुद्ध हथियार बनाया। सबसे बड़े पत्रकार महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध इंडियन ओपिनियन नामक समाचार पत्र निकाला था। बाद में यंग इंडिया, हरिजन, हरिजन सेवक , नवजीवन समाचार पत्रों ने गांधीजी को आकाश जैसी ऊंचाई दी। भारत में डॉ आंबेडकर ने मूकनायक, तिलक ने केसरी समाचार पत्र का संपादन किया था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को कलकत्ता (कोलकाता) से हिंदी का पहला समाचार पत्र 'उदंत मार्तण्ड' शुरू किया था।प्रताप नारायण मिश्र ने ब्राह्मण 1883 कानपुर और गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रताप 1913 कानपुर समाचार पत्र निकाला था। नेहरु ने नेशनल हेराल्ड 1938 और जी एस अयंगर ने द हिंदू निकाला था। समाचार पत्रों पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगाए। संपादकों और पत्रकारों को जेल में डाला, भारी जुमार्ना लगाया। अंग्रेजों के अत्याचार से हम सबके पूर्वज डरे नहीं। उनके अंतस में भारत को स्वाधीन करने का महान सपना था। राष्ट्र सर्वोपरि की लगन थी। वे लोग अपने सपने को पूर्ण करके ही माने। प्रसिद्ध संचार शास्त्री मैकलुहान ने कहा था कि माध्यम ही संदेश है। रेडियो, प्रिंट, टेलीविजन और इंटरनेट जैसे पारम्परिक माध्यमों के साथ कृतिम मेधा हमारे बीच है। सबका उद्देश्य जनमानस का लोकहित ही है। आज स्थिति भयावह है। घर में, बस में, रेल में, होटल में, दफ्तर में कही जा रही बातों को मोबाइल से वीडियो बनाकर डाल देते हैं। रिकॉर्डिंग जारी कर देते हैं। प्रश्न है, इससे क्या लोकहित है। क्या स्वस्थ समाज बनाने का सपना है, नहीं। इसके कारण व्यक्ति की निजता घटी है। विश्वास का संकट बढ़ा है। अधिकारी, नेता, जनता सबका झूठ बोलना बढ़ा है। रिकाडिंग भी कि आप कहीं यह न कहो कि हम नहीं बोले। प्रमाण है कि आप यह बोले थे। हम कह सकते हैं एक संदिग्धता भरा समाज बनने की ओर अग्रसर है भारत। लोग कह रहे हैं कि संचार से दूरी घटी है। हमारा मानना है कि व्यक्ति से व्यक्ति के बीच दूरी बढ़ी है। अविश्वास मजबूत हुआ। कारण सब जगह प्रमाण जुटाए जा रहे हैं और प्रमाण परिवारों को, समाज को तोड़ते हैं। समाज अलिखित संविधान से चलता है। संस्कारों से चलता है। राष्ट्र देश के संविधान से। विश्व में मुश्किलों भरा संसार निर्मित हो रहा है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया (एआई) से आप कुछ भी कर सकते हैं। आप जैसे नहीं हैं, वैसा फोटो और विडियो बन जाता है। जैसा चाहते हैं वैसा भी बन जाता है। घर में पहाड़ का दृश्य बन जाता है। आपका आपत्तिजनक चित्र बन जाएगा। आप पुरुष हैं तो स्त्री और स्त्री हैं तो पुरुष के रूप में प्रकट किया जाने का विज्ञान है। दुरुपयोग से लोग हैरान हैं। परेशान हैं। पीड़ित हैं। कुंठित हैं। डरे-सहमे हैं। कई फिल्मी हस्तियों के चित्र आपत्तिजनक बनाए गए। अन्य लोगों के भी आपत्तिजनक कंटेंट डाले गए। दिखाए गए। कुछ वर्ष से नई मुसीबत है। कुछ के लिए सुखद भी है। वह प्रार्थना पत्र भी बना देगा कि मेरे क्षेत्र में स्थित अस्पताल में चिकित्सक नहीं है। वह मार्ग खराब के भी पत्र बना देता है। मगर मूल प्रश्न अनुरित है रहेगा कि एआई क्या भारत के सांस्कृतिक स्वभाव को समझ सकता है। उत्तर है- नहीं। सरकारी खबरें हैं कि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना का पात्र है। एआई उसे हटाकर अपात्र कर देता है। हमने कुछ पात्रों की सिफारिश की। अधिकारियों ने बताया हम आवास देना चाहते हैं। एआई काट देता है। हमने कहा उपाय क्या। बोले सरकार जाने। संविधान में अनुच्छेद 19(1) ए अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ को लेकर समाज तोड़क तत्व अपने मोबाइल से फेसबुक से व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स ए आई से भी कुछ भी लिख रहे हैं। गरिया रहे हैं एक-दूसरे को। वे डरते नहीं हैं। न सरकार से, न न्यायालय से। कोई व्यक्ति, दल, संस्था संविधान से सर्वोच्च नहीं है। इस मनमानी पर कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। न्यायाधीश की चिंता पर विचार होना चाहिए।

**(लेखक के निजी विचार)**

# प्रधानाचार्य ही गढ़ते हैं राष्ट्र का भविष्य :विधायक डॉ. नीरा यादव

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरीतिलैया में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक का रविवार को गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। समापन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अपने संबोधन में डॉ. नीरा यादव ने कहा कि प्रधानाचार्य केवल विद्यालय का संचालन नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को सही दिशा देने और संस्कारयुक्त समाज के निर्माण में प्रधानाचार्यों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। यह कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व और साधना है। विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और संस्कार आधारित शिक्षण पर मंथन के लिए प्रदेशभर के अनुभवी प्रधानाचार्यों का एक मंच पर जुटना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने विद्या भारती की कार्ययोजना और विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोरखपुर के प्रथम शिशु मंदिर से शुरू हुआ यह अभियान आज देशव्यापी शिक्षा आंदोलन बन चुका है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अनुराग सिंह ने विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, चरित्रवान एवं राष्ट्रोपयोगी शिक्षा देने का आह्वान किया। वहीं हजारीबाग विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद की ओर से प्रांतभर से आए सभी प्रधानाचार्यों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख नीरज लाल ने किया। बैठक में विद्या विकास समिति के पदाधिकारी, विभिन्न जिलों से आए प्रधानाचार्य, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य, आचार्य-आचार्याएं एवं पूर्व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही।

### नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की आधारशिला : कुलपति

**दुमका।** 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान-2026' के अंतर्गत शनिवार को सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में व्यापक जनसहभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के 125 चयनित शिक्षण संस्थानों के साथ वर्चुअल संवाद के माध्यम से किया। इन चयनित संस्थानों में सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का चयन विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय रहा। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में एडमिन ब्लॉक-2 के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाता है तथा युवाओं की ऊर्जा और सृजनात्मक क्षमता को नष्ट कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संयमित जीवनशैली अपनाते हुए समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करें। कार्यक्रम का आरंभ पीएम के उद्बोधन और वर्चुअल संवाद के सामूहिक अवलोकन से हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विवि के कुलानुशासक डॉ राजीव कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत' की सामूहिक शपथ दिलाई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कुलसचिव डॉ अब्दुस सत्तार ने कहा कि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। इसे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से सुरक्षित रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों से अनुशासन, आत्मसंयम और स्वस्थ जीवन-मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया गया।

## खबर कवरेज के दौरान यूट्यूबर से मारपीट व लूट का आरोप, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया आवेदन

### नवलशाही थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की कही बात

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के खरखार गांव में खबर संकलन के दौरान एक यूट्यूबर के साथ मारपीट, मोबाइल तोड़ने और नकदी लूटने का आरोप सामने आया है। मामले में यूट्यूबर रतन कुमार साव ने थाना में लिखित आवेदन देकर पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी रतन साव पर मारपीट और पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। रतन कुमार साव ने आवेदन में बताया कि 1 अगस्त की सुबह करीब 8:15 बजे उन्हें खरखार गांव में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। सूचना पर वे खबर संकलन के लिए घटनास्थल पहुंचे और मोबाइल से फोटो व वीडियो बनाने लगे। उनका आरोप है कि इसी दौरान विक्की विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा और दीपक विश्वकर्मा ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि उनका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया गया, उसमें मौजूद फोटो-वीडियो डिलीट कर दिए गए तथा जेब में रखे 10 हजार रुपये निकालकर रोहित विश्वकर्मा को दे दिए गए। रतन ने जान से मारने की धमकी देने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि घटनास्थल पर मौजूद ब्रज किशोर शर्मा ने भी आरोपितों का साथ देते हुए उन्हें वहां से चले जाने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पुतुल देवी ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि जमीन विवाद के दौरान रतन साव स्कूल वाहन से छात्रों को लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने दावा किया कि रतन साव का उनके विपक्षी सुबोध विश्वकर्मा के साथ स्कूल में साझेदारी का संबंध है, इसलिए वह उनका पक्ष ले रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले भी ऐसा विवाद हो चुका है, जिसका मामला न्यायालय में लंबित है। नवलशाही थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## बैटरी चोरी का 24 घंटे में खुलासा, 14 नई बैटरियां बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### तिलैया थाना पुलिस की कार्रवाई, कर्मचारी समेत सहयोगी न्यायिक हिरासत में



**कोडरमा।** तिलैया थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल बैटरी चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की गई एक्साइड कंपनी की 14 नई मोटरसाइकिल बैटरियां बरामद कर जब्त कर ली हैं। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, तिलैया थाना कांड संख्या 228/26 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत मामला दर्ज किया गया था। सामांतो पंप के सामने स्थित बैटरी दुकान के संचालक राजकुमार भदानी ने अपने कर्मचारी सुमित कुमार पर नई मोटरसाइकिल बैटरियां चोरी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलैया थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सुमित कुमार (18) और उसके सहयोगी रोहित कुमार (25), दोनों निवासी तिलैया बस्ती, को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई एक्साइड कंपनी की 14 नई मोटरसाइकिल बैटरियां बरामद कर विधिवत जब्त कर ली गईं। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह, तिलैया थाना के पैंथर आरक्षी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### ढोढाकोला जंगल में अवैध माइका खनन पर वन विभाग का शिकंजा, तीन ट्रैक्टर जब्त

छापेमारी के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार, पूरे नेटवर्क की जांच शुरू

**कोडरमा।** जिले में अवैध माइका (ढिबरा) उत्खनन के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना क्षेत्र के वन्य प्राणी क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला जंगल स्थित टेकवा माइंस में छापेमारी कर कंप्रेसर से जुड़े तीन ट्रैक्टर जब्त कर लिए। वन विभाग की टीम को देखते ही चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। वन विभाग को संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद रेंज ऑफिसर के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान जंगल के भीतर माइका का अवैध उत्खनन जारी था। टीम के पहुंचते ही खनन में संलिप्त लोग मौके से भाग निकले, जबकि वनकर्मियों ने खनन में इस्तेमाल किए जा रहे कंप्रेसर से जुड़े तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। जब्त किए गए सभी वाहनों को कोडरमा वन परिसर लाया गया है। वन विभाग अब अवैध खनन में शामिल लोगों की पहचान कर पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है। दोषियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संरक्षित वन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों पर आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। छापेमारी अभियान में वनरक्षी छत्रपति शिवाजी, कुंदन कुमार, किशोर कुमार यादव, गोपाल यादव, दुर्गा प्रसाद महतो, पवन कश्यप सहित अन्य वनकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

### मजदूर नेता महेन्द्र तुरी को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा—समाज और मजदूरों की आवाज थे महेन्द्र तुरी**

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जिला कमिटी सदस्य, सीटू के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र तुरी की स्मृति में रविवार को सहाना गार्डन, कोडरमा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता माकपा के जिला सचिव असीम सरकार ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महेन्द्र तुरी के पुत्र मंटू तुरी द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान महेन्द्र तुरी अमर रहें और महेन्द्र तुरी को लाल सलाम के नारों से सभास्थल गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि महेन्द्र तुरी ने जीवनभर मजदूरों, वंचितों और आम लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने उन्हें एक सच्चा कम्युनिस्ट, कर्मठ मजदूर नेता और समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष और सेवा समाज के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष साजिद हुसैन, सीपीएम राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक, युवा राजद जिलाध्यक्ष मनोज रजक, सीटू, एटक, एक्टू, सीपीआई सहित विभिन्न मजदूर संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

## जीवनदाता वंदन उत्सव में मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने वृद्धाश्रम में बुर्जुगों का किया सम्मान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा रविवार को वृद्धाश्रम में जीवनदाता वंदन उत्सव का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर शाखा की सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे माता-पिता तुल्य बुजुर्गों के चरण पखारकर उनका सम्मान किया, आरती उतारी तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही खाद्य सामग्री भेंट कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा-भाव व्यक्त किया। इस आत्मीय पहल से वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग भावुक हो उठे। सदस्यों ने उनके साथ समय बिताया, उनका कुशलक्षेम जाना और आत्मीय संवाद के माध्यम से उन्हें अपनापन व सम्मान का एहसास कराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम का वातावरण श्रद्धा, संवेदना और आत्मीयता से सराबोर रहा। शाखा अध्यक्ष आकृति चौधरी ने कहा कि माता-पिता और बुजुर्ग समाज की सबसे बड़ी धरोहर हैं। उनके त्याग, स्नेह और संस्कारों ने परिवार और समाज की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का सम्मान करना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का भी प्रतीक है। उनके आशीर्वाद से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा भविष्य में भी समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में शाखा की सचिव प्रिया अग्रवाल सहित सारिका लड्ढा, नेहा हिसारिया, नेहा जैन, बीना जैन, कृति चौधरी, मीना हिसारिया, रिचा खटूवाला एवं ज्योति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन सभी बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना के साथ हुआ।

## एक नजर

### उरवां मोड़ स्थित होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार, 3 पीड़िताओं को कराया गया मुक्त



**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां मोड़ स्थित बाबा होटल में शनिवार देर रात छापेमारी कर देह व्यापार के कथित रैकेट का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया गया। मामले में कथित ब्रोकर और होटल मैनेजर को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने होटल से आपत्तिजनक सामग्री, तीन मोबाइल फोन, आगंतुक पंजी, दो कार और एक इलेक्ट्रिक स्कूटी भी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने योजनाबद्ध तरीके से बाबा होटल में छापेमारी की। मौके से रंजीत कुमार, बिरेन्द्र कुमार और मो. एहतेशाम को गिरफ्तार किया गया। वहीं कथित ब्रोकर कैलाश प्रसाद वर्मा तथा होटल मैनेजर रवि कुमार को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान होटल से कंडोम, शराब की बोतलें, बीयर, सिगरेट, शक्तिवर्धक टैबलेट सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। इसके अलावा होटल परिसर से दो चारपहिया वाहन और एक इलेक्ट्रिक स्कूटी भी जब्त की गई। इस संबंध में चंदवारा थाना में संबंधित धाराओं एवं अधिनियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। जांच में जिसकी भी संलिप्तता सामने आएगी, उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। कोडरमा पुलिस ने कहा है कि जिले में अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी, अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### बकाया किराया नहीं चुकाने पर नगर पंचायत की बड़ी कार्रवाई, पांच दुकानें सील

**डोमचांच।** नगर पंचायत प्रशासन ने बकाया किराया जमा नहीं करने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच दुकानों को सील कर दिया। बताया गया कि संबंधित महिला मंडलों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय तक भुगतान नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई। कार्यपालक पदाधिकारी शंभू प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने कार्रवाई करते हुए आस्था महिला मंडल, शिल्पी महिला मंडल, बबीता महिला मंडल, मालती महिला मंडल और प्रिया महिला मंडल के नाम आवंटित दुकानों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक संजय कुमार, गार्डन अधीक्षक राजेश आनंद, कनीय अभियंता रोहित कुमार तथा राज कुमार पंडित सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मी मौजूद रहे। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नगर निकाय की संपत्तियों का किराया समय पर जमा करना सभी आवंटियों की जिम्मेदारी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### जोगा चौक पर कुरमी महासभा की समीक्षात्मक बैठक

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के जोगा चौक स्थित पर झारखंड कुरमी महासभा हजारीबाग जिला इकाई द्वारा 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह का हिसाब किताब को लेकर सेवालाल महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कुरमी महासभा के प्रदेश संरक्षक कुमेश्वर महतो उपस्थित थे। उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे रोयांग में महसभा की हजारीबाग जिला इकाई द्वारा 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इसी को लेकर आज समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। सभी को इसी प्रकार से समाज द्वारा आयोजित किसी भी कार्य में बढ चढकर हिस्सा लेनी चाहिए। प्रदेश सचिव सेवालाल महतो ने कहा कि रबोध पंचायत के लोगों द्वारा कार्यकम अच्छी तरह से आयोजित किया गया था।और अब डाड़ी प्रखंड में समिति का पुनर्गठन किया जाना चाहिए, ताकि कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने में मदद मिल सकेगी। इस मौके पर प्रदेश महासचिव युवा मोर्चा के गुलचंद महतो, उदयनाथ महतो, मुकेश कुमार महतो, सहदेव प्रसाद, भुनेश्वर महतो, पारसनाथ महतो, केतर महतो, गणेश महतो, दिलेश्वर महतो, भीमदेव महतो, चेतलाल महतो, सुदय कुमार महतो, प्रमेश्वर महतो, सुखदेव महतो, मिथलेश कुमार महतो एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भुरकुंडा में शादी के 3महीने के बाद ही घर में घुसा आशिक

**भुरकुंडा।** जवाहरनगर हुरुमगढ़ा भुरकुंडा से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ महज तीन महीने पहले ब्याह कर आई एक नवविवाहिता का उसके ही गाँव के युवक ने दिन-दिहाड़े अपहरण कर लिया। आरोपी कोई और नहीं बल्कि लड़की के मायके काँके, राँची का ही एक युवक बताया जा रहा है। जो चमचमाती सफेद स्वीफ्ट कार से आया और नवविवाहिता को लेकर रफूचक्कर हो गया। दोपहर के सन्नाटे में दिया वारदात को अंजाम पीड़ित पति उपेन्द्र लाल उम्र 24 वर्ष द्वारा पतरातू भुरकुंडा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार यह पूरी घटना 28 जुलाई 2026 की दोपहर लगभग 1 से 2 बजे के बीच की है। जब उसके घर के आसपास सन्नाटा था। राँची के काँके होसिर निवासी कैफ अंसारी पिता नेशार अंसारी सफेद रंग की स्वीफ्ट कार से उनके घर पहुँचा। आरोप है कि कैफ शादी करने की नीयत से उनकी 20 वर्षीया पत्नी तन्नु कुमारी को जबरन अपहरण कर भगा ले गया। पति उपेंद्र लाल ने बताया कि मेरी शादी इसी साल अप्रैल 2026 में हुई थी। घटना के बाद हमने रिश्तेदारी और आस-पास काफी खोजबीन की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। मायके से जुड़ा है तार, फोन नंबरों की लोकेशन खंगाल रही है पुलिस पीड़ित परिवार के मुताबिक आरोपी कैफ अंसारी नवविवाहिता के मायके काँके के होसिर गाँव का ही रहने वाला है। घटना के बाद से ही पीड़ित पति और उनके परिजन लगातार महिला की तलाश में भटक रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को दोनों के मोबाइल नंबर भी सौंपे गए हैं। जिसके आधार पर पुलिस लोकेशन खंगाल रही है। कानूनी कार्रवाई तेज, पुलिस की रडार पर आरोपी पीड़ित पति ने ओपी प्रभारी भुरकुंडा को लिखित आवेदन देकर पत्नी की सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। फिलहाल, पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और सर्विलांस टीम की मदद से दोनों के मोबाइल लोकेशन को ट्रैक करने में जुट गई है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस सफेद स्वीफ्ट कार और आरोपी तक कब तक पहुँच पाती है।

### 12वें वेतन समझौते में देरी से भड़का श्रमिक आक्रोश

**भुरकुंडा।** 12वें वेतन समझौते के गठन में हो रही देरी को लेकर कोयला श्रमिक संगठनों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ (सीटू) के क्षेत्रीय कार्यालय, केदला भूगर्भ परियोजना (हजारीबाग क्षेत्र) में एनसीओईए, बीसीकेयू और जेसीएमयू (सीटू) की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बसंत कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्रमिकों के लंबित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आंदोलन की आगामी रणनीति तय की गई। तत्काल समिति गठन और लंबित मामलों के समाधान की मांग बैठक में सर्वसम्मति से मांग उठाई गई कि 12वीं वेतन समझौता समिति का अविलंब गठन किया जाए।

# बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक कॉलेज में रविवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) की ओर से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी मोन्टू पातर, कॉलेज के उप-प्राचार्य अनुराग कुमार, बीसीए एवं सीएसई विभागाध्यक्ष प्रियारंजन नायक तथा युवा साथी यूथ क्लब के अध्यक्ष एवं विभिन्न राष्ट्रीय युवा कार्यक्रमों में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके मानव घोष मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला युवा अधिकारी मोन्टू पातर के संबोधन से हुई। उन्होंने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब युवा स्वयं आगे आकर इस अभियान से जुड़ें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उप-प्राचार्य अनुराग कुमार ने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने नशामुक्त भारत की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के उस संदेश को भी साझा किया गया, जिसमें युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने, स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई है। युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नोत्तरी, रंगोली, चित्रकला और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा और सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। समापन अवसर पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## युवा आजसू सम्मेलन की तैयारियां तेज, जंबो समिति का गठन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** आगामी युवा ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को जमशेदपुर स्थित निर्मल गेस्ट हाउस में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके सफल आयोजन के लिए रणनीति तय की गई। इस दौरान विभिन्न कार्यों के संचालन के लिए जंबो तैयारी समिति का गठन कर पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि युवा सम्मेलन संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इसके माध्यम से युवाओं को संगठित कर झारखंड के जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस ने कहा कि सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी युवा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाना होगा। उन्होंने प्रखंड स्तर पर युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने और पूरे कोल्हान प्रमंडल में पांच हजार युवा नेतृत्व तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि मजबूत युवा संगठन भविष्य के जनआंदोलनों की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि यह सम्मेलन युवाओं में संगठन के प्रति नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा।

## अंजुमन इस्लामिया ने मेधावी छात्र, प्रशिक्षु और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में अंजुमन इस्लामिया चाईबासा की ओर से रविवार को उर्दू लाइब्रेरी सभागार में ₹हौसलाअफजाई₹ विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, कौशल विकास और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना था। समारोह में वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 44 और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त 17 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अंजुमन इस्लामिया ने संचालित निःशुल्क कंप्यूटर सेंटर के 13, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के 23 और मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र के 18 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रमाण पत्र और उपहार दिए गए। खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को भी मंच पर सम्मानित किया गया। बॉडी बिल्डिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाले तस्लीम अहमद और पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले अकिफ रजा को सम्मानित किया गया। कराटे प्रशिक्षक मी जीशान अली शिद्दीक और ज़िकरा हयात को खेल क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जबकि मानवाधिकार और सामाजिक कार्यकर्ता बैरम खान को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजुमन इस्लामिया चाईबासा के सचिव फैयाज खान उर्फ बल्लो खान ने किया। मौके पर संस्था के सचिव फैयाज खान उर्फ बल्लो खान ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सम्मान समारोह आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के बच्चों और युवाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

## डोसे में कथित कॉकरोच मिलने से अन्ना किचन में हंगामा, ग्राहकों ने जताई नाराजगी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर परिसर में संचालित अन्ना किचन में रविवार को उस समय हंगामा हो गया, जब एक ग्राहक ने डोसे में कथित तौर पर कॉकरोच मिलने का आरोप लगाया। भोजन के दौरान ग्राहक की नजर डोसे में मौजूद संदिग्ध कीट पर पड़ते ही उसने खाना छोड़ दिया और इसकी शिकायत रेस्टोरेंट प्रबंधन से की। घटना की जानकारी मिलते ही रेस्टोरेंट में मौजूद अन्य ग्राहकों ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और रसोई की साफ-सफाई पर सवाल उठाते हुए खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की मांग की। ग्राहकों का कहना था कि इस तरह की लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए ऐसे प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए। मामले पर अन्ना किचन के संचालक राजू भाई ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने स्वीकार किया कि रेस्टोरेंट की ओर से चूक हुई है और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए रसोई की स्वच्छता, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच तथा गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक सख्त किया जाएगा। घटना के बाद कुछ समय तक रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि प्रबंधन ने ग्राहकों को आश्वस्त किया कि खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों को और बेहतर बनाते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाए जाएंगे।

## महिला की हत्या कर शव कैनाल में फेंकने वाला आरोपित गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** परसुडीह थाना क्षेत्र के कलियाडीह कैनाल से 26 जुलाई को बरामद महिला के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। मामले में पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार करते हुए हत्या में इस्तेमाल किए गए वाहन और अन्य सामान भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपित ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि महिला लगातार उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी, जिससे तंग आकर उसने उसकी हत्या कर दी और शव को कैनाल में फेंक दिया। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिटी एसपी ललित कुमार मीणा ने बताया कि 26 जुलाई की सुबह करीब 8:20 बजे कलियाडीह कैनाल में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना पर परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच के बाद शव की पहचान जुगसलाई के बंगालीपाड़ा निवासी 45 वर्षीय किरण देवी के रूप में हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और गुप्त सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच में पोटका थाना क्षेत्र के छोटा बांदुआ निवासी दासमत बास्के की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपित ने बताया कि किरण देवी उससे शादी करने की जिद कर रही थीं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को कलियाडीह कैनाल में फेंक दिया। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टीवीएस स्कूटी, घटना के समय पहना गया काला टी-शर्ट, एक गुलाबी रंग का बैग तथा बैंगनी रंग का छींटदार ट्राउजर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत अदालत में प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सिटी एसपी ने बताया कि मामले के सफल खुलासे में पुलिस उपाधीक्षक सुमीत कुमार, परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार तथा एसआईटी में शामिल पुलिस अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वधायक ने की आमबागान मैदान को नेताजी स्मारक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने शहर के ऐतिहासिक आमबागान मैदान के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग करते हुए इसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृतियों से जुड़े एक आधुनिक स्मारक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा है। इस संबंध में रविवार को विधायक सरयू राय ने बताया कि उन्होंने टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज (वीपीसीएस) और पूर्वी सिंहभूम के जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है। अपने पत्र में सरयू राय ने कहा है कि आमबागान मैदान जमशेदपुर की पहचान और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन वर्तमान समय में इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। मैदान का उपयोग कबाड़ रखने और अनधिकृत पार्किंग के लिए किया जा रहा है। वहीं, यहां स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के आसपास भी साफ-सफाई और रखरखाव का अभाव दिखाई देता है, जिससे इस स्थल की गरिमा प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से 2019 के बीच मंत्री रहते हुए उन्होंने आमबागान का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक मैदान करने की पहल की थी। इस प्रस्ताव पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक भी हुई थी और योजना को स्वीकृति मिलने के बाद तत्कालीन जुस्को ने इसके विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, वर्ष 2019 के बाद यह परियोजना अधूरी रह गई और आगे नहीं बढ़ सकी। सरयू राय ने कहा कि लगभग आठ महीने पहले उन्होंने टाटा स्टील प्रबंधन के साथ इस विषय पर विस्तार से चर्चा की थी। उस दौरान कंपनी ने मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए सिद्धांततः सहमति जताई थी। तत्कालीन जिलाधिकारी ने भी प्रशासन की ओर से सहयोग का भरोसा दिया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। उन्होंने सुझाव दिया कि आमबागान मैदान को आधुनिक स्वरूप देते हुए यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, आजादी के आंदोलन में उनके योगदान तथा उनके रहस्यमय ढंग से लापता होने तक की ऐतिहासिक घटनाओं को ऑडियो-विजुअल तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। इससे नई पीढ़ी को देश के स्वतंत्रता संग्राम और नेताजी के व्यक्तित्व को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। विधायक ने कहा कि यदि इस स्थल का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाए तो यह केवल एक सार्वजनिक मैदान नहीं रहेगा, बल्कि शहर की ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक बनने के साथ-साथ जमशेदपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भी शामिल हो सकता है। उन्होंने टाटा स्टील और जिला प्रशासन से इस महत्वाकांक्षी योजना पर शीघ्र कार्रवाई कर आमबागान मैदान को नई पहचान देने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक के पास मिले युवक के शव का रहस्य सुलझा, दोस्त ही निकला कातिल



**पूर्वी सिंहभूम :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गदरा के पास इस वर्ष अप्रैल माह में रेल लाइन किनारे मिले युवक गुलशन कुमार उर्फ गुलशन प्रसाद के शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुरूआती जांच में दुर्घटना प्रतीत हो रहे इस मामले में पुलिस ने मृतक के पुराने साथी जय कर्मकार को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पूछताछ में रंजिश के चलते अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचने और वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2022 में गुलशन कुमार और जय कर्मकार एक डकैती के मामले में साथ जेल गए थे। जेल से रिहा होने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद गहरा गया, जो बाद में रंजिश में बदल गया। इसी रंजिश के चलते जय कर्मकार ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर गुलशन की हत्या की योजना बनाई। जांच में सामने आया कि घटना के दिन आरोपितों ने पहले गुलशन के साथ बेरहमी से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल होने के बाद रस्सी से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने और घटना को रेल दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से शव को रेल लाइन के किनारे फेंक दिया गया। गोविंदपुर थाना प्रभारी पवन कुमार ने रविवार को बताया कि अप्रैल माह में रेल लाइन के समीप गुलशन का शव मिलने के बाद परिजनों की शिकायत पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस जय कर्मकार तक पहुंची। पूछताछ के दौरान आरोपित ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल चार अन्य आरोपित अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पूर्वी सिंहभूम में उत्पाद विभाग ने की 290 लीटर शराब जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम उत्पाद विभाग ने अवैध चुलाई शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ जुगसलाई और बागबेड़ा थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान करीब 290 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई, जबकि अवैध शराब बेचते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मामले में झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की जा रही हैं। निरीक्षक उत्पाद, धालभूम प्रक्षेत्र कुमार सत्येंद्र के नेतृत्व में शनिवार की रात अभियान की शुरूआत बागबेड़ा थाना क्षेत्र स्थित वायरलेस मैदान के समीप अवैध शराब बिक्री के ठिकाने से की गई। छापेमारी के दौरान कुछ स्थानीय महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन उत्पाद विभाग की टीम ने अभियान जारी रखते हुए मौके से बड़ी मात्रा में अवैध चुलाई शराब जब्त कर ली। इसके बाद टीम ने बागबेड़ा थाना के पीछे गुरुद्वारा मैदान के समीप स्थित पार्वती देवी (55) के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान वहां से भी अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने जुगसलाई थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन किनारे स्थित खटिक मोहल्ला और दुखू मार्केट के सामने संचालित तीन अवैध शराब बिक्री केंद्रों पर एक साथ कार्रवाई की, जहां से भारी मात्रा में चुलाई शराब जब्त की गई। छापेमारी के दौरान दुखू मार्केट निवासी गोपाल राय (50) को अवैध चुलाई शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद विभाग ने पार्वती देवी, श्रवण खटिक (52), विनोद खटिक (51), गोपाल राय (50) समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा वायरलेस मैदान के समीप संचालित एक अन्य अवैध शराब बिक्री केंद्र को भी जांच के दायरे में लिया गया है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध चुलाई शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ कानून के प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत



**पूर्वी सिंहभूम :** बमामाईंस थाना क्षेत्र के गोलचक्कर के समीप शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद करते हुए बुलेट सवार को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय गणेश शंकर मिश्रा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बमामाईंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बुलेट तथा पल्सर बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और हादसे के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटाई। बमामाईंस थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# पहली सोमवारी पर उमड़ने वाली भीड़ को लेकर डीएम-एसपी ने बाबा भीमशंकर धाम का किया निरीक्षण

एजेंसी



**सुपौल** :श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर राघोपुर प्रखंड के प्रसिद्ध बाबा भीमशंकर महादेव स्थान, धरहारा में प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। रविवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जिलाधिकारी सावन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शरथ आर.एस. ने मंदिर परिसर पहुंचकर पहली सोमवारी की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न स्थलों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाबा भीमशंकर महादेव मंदिर, विष्णु मंदिर, शिवगंगा, कुआं, मुख्य प्रवेश द्वार, निकासी द्वार, मां बाबूजी धर्मशाला समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन, कतार व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सह एसडीएम विनय कुमार, एसडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर राजेश कुमार चौधरी, बीडीओ सत्येन्द्र कुमार, मंदिर समिति की उपाध्यक्ष सह अंचलाधिकारी रश्मि प्रिया, थानाध्यक्ष अमित कुमार राय, मंदिर समिति के सचिव संजीव कुमार यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी सावन कुमार ने कहा कि श्रावणी महोत्सव प्रारंभ हो चुका है और यह पूरे एक माह तक चलेगा। सोमवार को श्रावण मास की पहली सोमवारी होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और पूरे परिसर में व्यवस्था बनी रहे। भीड़ नियंत्रण और सुगम दर्शन के लिए इस बार विशेष व्यवस्था की गई है। पहली बार श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग गेट निर्धारित किए गए हैं। एक द्वार से श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर पूजा करेंगे, जबकि दूसरे द्वार से बाहर निकलेंगे। इससे भीड़ का दबाव कम होगा और दर्शन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित रहेगी। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं मंदिर प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रवेश और निकास मार्ग का पालन करें। इससे न केवल व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगमता के साथ पूजा-अर्चना का अवसर भी मिलेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर बाबा भीमशंकर महादेव स्थान में भक्तों के उत्साह का माहौल है। प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा की गई तैयारियों के बीच हजारों श्रद्धालुओं के जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वहीं राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि मंदिर में सोमवारी को लेकर पुलिस पदाधिकारी सहित महिला पुरुष बल 200 करीब तैनात किया जाएगा।

## कम लागत में अधिक पैदावार, धान की खेती में समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की अपील

एजेंसी




**कटिहार** :जिला कृषि विभाग ने धान की खेती करने वाले किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचने की अपील की है। विभाग ने किसानों से कहा है कि वे खेत के प्राकृतिक जैविक संतुलन को बनाए रखने के लिए मित्र कीटों का संरक्षण करें, जो बिना किसी खर्च के प्राकृतिक रूप से शत्रु कीटों का सफाया करते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा राजीव कुमार ने स्पष्ट किया है कि धान के खेतों में मकड़ी, लेडीबर्ड बीटल, ग्रीन लेसविंग, ड्रैगन फ्लाई और परजीवी ततैया जैसे अनेक प्राकृतिक शिकारी मित्र कीट मौजूद होते हैं। अत्यधिक रासायनिक कीटनाशकों के छिड़काव से ये लाभकारी जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे कुछ ही दिनों बाद हानिकारक कीटों की संख्या पहले से अधिक तेजी से बढ़ने लगती है–इस स्थिति को कीट पुनरुत्थान यानी पेस्ट रिसर्जेंस कहा जाता है। इसके अलावा, अधिक रसायनों के प्रयोग से मिट्टी, जल और पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ उत्पादन लागत भी बढ़ती है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेत का नियमित निरीक्षण करें तथा आर्थिक क्षति स्तर यानी ईटीएल पहुँचने पर ही, वह भी शाम के समय, अनुशंसित मात्रा में कीटनाशकों का छिड़काव करें। किसानों से प्रकाश प्रपंच, फेरोमोन ट्रैप और पीले चिपचिपे ट्रैप का उपयोग करने की अपील की गई है। संतुलित उर्वरक प्रबंधन, उचित पौध दूरी और समेकित कीट प्रबंधन के सिद्धांतों को अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर और सुरक्षित पैदावार प्राप्त कर सकते हैं।

## थुमहा बाजार में सूखा नशा के खिलाफ ग्रामीणों की बड़ी पहल, जागरूकता अभियान चलाया

एजेंसी



**सुपौल** :जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में युवाओं के बीच बढ़ते सूखा नशा और अन्य मादक पदार्थों के कथित बढ़ते प्रचलन के खिलाफ अब ग्रामीण खुलकर सामने आने लगे हैं। रविवार को थुमहा बाजार स्थित महादेव मंदिर परिसर में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें थुमहा पंचायत सहित आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध रूप से सूखा नशा और ड्रग्स की बिक्री हो रही है, जिससे बड़ी संख्या में युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन गई है और अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ रही है। बैठक में नशा मुक्ति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। इसके बाद ग्रामीणों ने थूमहा बाजार में जागरूकता रैली निकालकर लोगों से नशे से दूर रहने और युवाओं को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में सूखा नशा का प्रचलन बढ़ रहा है। हालांकि, इन आरोपों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सामूहिक प्रयास करना होगा। तभी युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सकेगा और एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज का निर्माण संभव होगा।

## कजरैली में बक्सा दुकानदार को मारी गोली, हालत गंभीर

एजेंसी

**भागलपुर** : जिला अंतर्गत कजरैली थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने रविवार की अल सुबह एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। कजरैली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह लगभग तीन बजे अज्ञात अपराधियों ने एक बक्सा दुकानदार को निशाना बनाते हुए उन्हें गोली मार दी। गोली लगने से दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल दुकानदार गौराडीह निवासी वासुदेव वर्मा के 38 वर्षीय पुत्र रंजीत वर्मा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि कजरैली थाना क्षेत्र में स्थित दुकान पर तड़के तीन बजे अपराधी पहुंचे। कयास लगाया जा रहा है कि अपराधी लूटपाट के इरादे से आए थे और विरोध करने पर उन्होंने दुकानदार पर फायरिंग कर दी। गोली सीधे दुकानदार को लगी और वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर दौड़े। स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों की मदद से घायल दुकानदार को इलाज के लिए तुरंत मायागंज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी है। स्थानीय व्यापारियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कजरैली थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और चश्मदीदों से पूछताछ करने में जुटी है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।

## विहिप और बजरंग दल की बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर जोर

एजेंसी




**अररिया** :जिले के भरगामा स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की संगठनात्मक बैठक विहिप के जिलाध्यक्ष विजय देव की अध्यक्षता में हुई।बैठक का संचालन मंत्री राकेश रंजन परिहार ने किया। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार एवं धर्म प्रचारक उत्तर बिहार सह अररिया जिला पालक भानू प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता, अनुशासन और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकताओं से समाज के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने, संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा गांव-गांव संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मंत्री राकेश रंजन परिहार ने कहा कि संगठनात्मक कार्यों में आपसी समन्वय और नियमित सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। जिसको लेकर प्रखंड में संगठन विस्तार करते हुए नए दायित्वों की घोषणा किया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिट्ठु एवं माधव भगत,मंत्री सोनू सिंघानिया, बजरंग दल संयोजक रामप्रवेश मंडल,सहसंयोजक विपिन कुमार मेहता की घोषणा की गई।प्रत्येक कार्यकर्ता से अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने की अपील की।
पूर्व प्रचारक गणेश मंडल ने कहा कि किसी भी संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल देते हुए कहा कि संगठन का विस्तार तभी संभव है, जब प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में संगठन की भावी कार्य योजना, सदस्यता विस्तार अभियान, आगामी कार्यक्रमों तथा कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा सभी कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

# राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी: नीतीश कुमार

एजेंसी



**पटना** :जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने अपने आवास पर रविवार को पार्टी के कार्यकताओं एवं समर्थकों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना, संगठन की गतिविधियों एवं जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यकताओं ने नीतीश कुमार का अभिवादन करते हुए उनके प्रति अपना विश्वास एवं सम्मान व्यक्त किया। नीतीश कुमार ने कार्यकताओं से जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहने तथा आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। इसी क्रम में पार्टी की नेत्री मोहतरमा शबाना दाउद ने नीतीश कुमार को हस्तनिर्मित बेडशीट का सेट भेंट किया। शबाना ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर परिवार की एक महिला को दस हजार रुपए एवं आगे दो लाख तक सहायता से ही सह संभव हो सका है। महिलाओं को स्व-रोजगार का अवसर मिला, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं और उनके परिवार की आय में भी वृद्धि हुई है। नीतीश कुमार ने स्नेहपूर्वक बेडशीट सेट स्वीकार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की तथा महिला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार बिहार के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी योजनाएँ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों और समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी। पूरे प्रदेश की महिलाओं का जीविका से जुड़ने के बाद उनके जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मिली सहायता से उन्हें स्वरोजगार शुरू करने का अवसर मिला, जिससे उनकी आय बढ़ी, परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ और आत्मनिर्भर बनने का विश्वास मिला। उन्होंने बताया कि यह योजना बिहार की लाखों महिलाओं के लिए सम्मान, स्वावलंबन और नए अवसरों का माध्यम बन रही है। समस्त बिहार की महिलाओं की ओर से नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वरोजगार और आर्थिक उन्नति के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएँ उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आई हैं। नीतीश कुमार ने बातों को ध्यानपूर्वक सुना, उनके अनुभवों की सराहना की तथा कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। त्रिस्तरीय पंचायती राज में 50 प्रतिशत का आरक्षण, कन्या उत्थान योजना के तहत जन्म से लेकर स्नातक तक आर्थिक सहायता जैसी अनेक योजनाओं सहित सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ सहित कई वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर बड़ी कार्रवाई: 120 पेटी देसी शराब, पिकअप वैन समेत तस्कर गिरफ्तार



**बक्सर** :मद्य निषेध विभाग ने शनिवार की देर रात वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की। कार्रवाई एएसआई सुजीत कुमार के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान एक पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन से 120 पेटी देसी शराब, जिसकी कुल मात्रा 1008 लीटर बताई गई है, बरामद की गई। मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि शराब लदे पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में गिरफ्तार आरोपित की पहचान मिथुन कुमार (28),दलसागर, वार्ड संख्या-09, थाना औद्योगिक (इंडस्ट्रियल), जिला बक्सर के रूप में हुई है। मद्य निषेध विभाग ने आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिले के सभी प्रमुख चेक पोस्टों पर लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा ह

### एसएसबी ने 57 बोरा यूरिया किया जब्त, तस्कर फरार



**अररिया** : एसएसबी 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी लैलोखर की टीम ने गुप्त सूचना पर भारत नेपाल सीमा के पास से तस्करी कर नेपाल ले जाने के लिए रखे गए 57 बोरा यूरिया को जब्त किया।बाह्य सीमा चौकी लैलोखर की विशेष गश्ती टीम ने बीती देर रात इसे जब्त किया।हालांकि मामले में किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। एसएसबी के अधिकारी की ओर से जारी रिलीज में कहा गया है कि भारत से रात के अंधेरे में तस्करी की परिपाटी रही है।खासकर रासायनिक उर्वरकों की तस्करी बड़े पैमाने पर भारत से नेपाल की जाती रही है,जिस पर अंकुश लगाने के लिए एसएसबी की ओर से रात्रि गश्ती को तेज किया गया है।पैदल के अलावे मोटरसाइकिल और गाड़ी से खुली सीमा पर गश्ती की जा रही है,जिससे गलत मंसूबा पाले लोगों की मंसूबे को सफलता नहीं मिले।

### एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों की गूंज कार्यक्रम




**भागलपुर** : शहर के एक होटल में रविवार को एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस भागलपुर के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों की गूंज कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रेस को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य राज शिल्टू ने कहा कि जहां छात्र की समस्या होगी, वहां ह्लछात्रों की गूंजह्व होगीं। बिहार में छात्रों और युवाओं के साथ लगातार जो परिस्थितियां बनी हुई हैं–भर्ती में देरी, परीक्षा व्यवस्था से जुड़े सवाल, रिजल्ट की समस्याएं, रोजगार का संकट और छात्रों की आवाज को नजरअंदाज किए जाने के विरोध में एनएसयूआई लगातार अपनी आवाज उठा रहा है। इसी संघर्ष के अगले चरण के रूप में 4 अगस्त को पटना में मुख्यमंत्री आवास के घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भागलपुर के छात्र इस लड़ाई में पीछे नहीं रहेंगे। भारी से भारी संख्या मे छात्र भागलपुर से पटना जाएंगे, छात्र अपनी आवाज पटना तक पहुंचाएंगे। मौके पर युवा कांग्रेस की नेत्री पल्लवी जोशी, प्रणव श्रीवास्तव, मोह रहमान, रमेश कुमार पासवान, दीपक कुमार यादव, अमरनाथ यादव, प्रशांत कुमार, अमन रजा खान, कुमार आनंद, निशांत कुमार एवं युवा कांग्रेस के दर्जनों उम्मीदवार उपस्थित थे।

### एसएसबी 56वीं वाहिनी का सैनिक सम्मेलन में अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा



**अररिया:** भारत नेपाल सरहद की सुरक्षा में लगे एसएसबी 56वीं वाहिनी की बथनाहा स्थित मुख्यालय में रविवार को सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी सह कमांडिंग ऑफिसर नितीन कुमार गुप्ता ने सैनिकों से सीधा संवाद किया और सरहद की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही चौकसी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयास की समीक्षा की। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर ने कार्मिकों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समय पालन तथा उच्च स्तर की व्यावसायिक दक्षता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। सम्मेलन में कार्मिकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके यथासंभव शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण का आश्वासन दिया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों की सराहना करते हुए सभी को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एसएसबी के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्मिक मौजूद थे।

### पोठिया में मवेशियों से लदा मिनी पिकअप जब्त, वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर प्राथमिकी दर्ज

**किशनगंज** : पोठिया थाना पुलिस ने पशुओं के कथित अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधरा गांव के समीप दो मवेशियों से लदे एक मिनी पिकअप वाहन को जब्त किया है। पूछताछ के दौरान वाहन चालक परिवहन और खरीद-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष कैप्टन संजय पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम नियमित गश्त एवं वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान छत्तरगाछ की ओर से आ रहे एक मिनी पिकअप वाहन को बुधरा गांव के निकट रोककर तलाशी ली गई। जांच में वाहन पर दो मवेशी लदे पाए गए।

# दिल्ली में 5 अगस्त को 'जीआई एंड बियॉन्ड 2.0' शिखर सम्मेलन शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 5 अगस्त को 'जीआई एंड बियॉन्ड 2.0 शिखर सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा करेंगे।




वस्त्र मंत्रालय के अनुसार हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के हीरक जुबली लोगो का औपचारिक अनावरण और डिजिटल हैंडलूम एटलस ह्लएक मंच, अनंत बाजारह्व का शुभारंभ किया जाएगा। विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देना तथा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी पहुंच को मजबूत करना है।

इस दिन देश भर से 100 से अधिक जीआई-पंजीकृत हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए एक मंच, अनंत बाजार टैगलाइन के साथ एक व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया जाएगा। हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के हीरक जुबली लोगो का औपचारिक अनावरण होगा। पंजीकृत मालिकों और नए अधिकृत उपयोगकताओं को जीआई प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। जीआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

इसके अलावा, 10 से अधिक देशों के विदेशी खरीदार, देश भर के निर्यातक, प्रमुख कपड़ा ब्रांड्स, बहुराष्ट्रीय कंपनियां, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और नीति निमार्ता एक साथ आएंगे। जीआई पंजीकरण और बौद्धिक संपदा अधिकार, घरेलू बाजार में जीआई उत्पादों का प्रचार-प्रसार, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जीआई हथकरघा उत्पादों के लाभ उठाने की रणनीतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि वस्त्र सचिव नीलम शमी राव, विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम. बीना, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) अमृत राज और पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क नियंत्रक (सीजीपीडीटीएम) प्रो. (डॉ.) उन्नत पी. पंडित सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली में 5 अगस्त को 'कपड़े के भीतर की दुनियाः बुनाई के नए क्रम' प्रदर्शनी का होगा उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय और हस्तकला अकादमी में 5 अगस्त को 14 दिवसीय कपड़े के भीतर की दुनियाः बुनाई के नए तरीके नामक एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय के अनुसार इसका उद्घाटन सचिव नीलम शमी राव करेंगी। यह प्रदर्शनी विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा 7 अगस्त को मनाए जाने वाले '12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' के देशव्यापी समारोहों के एक प्रमुख हिस्से के रूप में आयोजित की जाएगी। श्रेयांसि सिंह द्वारा क्यूरेट की गई यह प्रदर्शनी समकालीन वस्त्र कलाकारों, डिजाइनरों और शिल्प समूहों को एक साझा मंच प्रदान करती है। प्रदर्शनी में शोध-आधारित कार्यों, कलाकार-कारीगर सहयोग और आकर्षक 'इन्स्टॉलेशन' के माध्यम से वस्त्र निर्माण के सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में आद्यम हैंडवॉवन, अब्राहम एंड थाकोर, आस्था बुटैल, बोइटो, चाणक्य स्कूल, कुन्नूर एंड कंपनी, जागृति फुकन, जयिता चटर्जी, कार्दो, मोरी, नीरज पटेल, पोरगई आर्टिसन्स एसोसिएशन, श्रद्धा कोचर, श्रुजन, स्टूडियो मीडियम, उज्ज्वल डे और 23 एन 69 ई जैसे जाने-माने कलाकारों व संस्थानों की कृतियाँ देखने को मिलेंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कपड़े को केवल एक वस्तु न मानकर उसे ज्ञान, सांस्कृतिक स्मृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में प्रस्तुत करना है। इसके साथ ही, यह प्रदर्शनी पहचान, पर्यावरण-अनुकूलता, समुदाय और पारंपरिक शिल्प कौशल के साथ समकालीन कला के गतिशील अंतसंबंधों पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देगी।

## लखनऊ में 3-4 अगस्त को होगी ब्रिक्स देशों के सांख्यिकी प्रमुखों की बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक 3 से 4 अगस्त को लखनऊ में होगी। 'परिवर्तन का प्रेरकः गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी' विषयक इस बैठक में सांख्यिकी उत्पादों को मजबूत करने, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में सुधार, आंकड़ों के प्रसार और उपलब्धता बढ़ाने, मैक्रो-आर्थिक व क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ करने पर चर्चा होगी।

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने बताया कि भारत की 2026 की ब्रिक्स अध्यक्षता का व्यापक विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है।




इसी क्रम में सांख्यिकी ट्रैक में भारत ने गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को परिवर्तन का प्रेरक मानते हुए डेटा गुणवत्ता, नवाचार, प्रभावी प्रसार और जन-केंद्रित सांख्यिकी प्रणालियों पर जोर दिया है।

बैठक में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें सांख्यिकी उत्पादों को मजबूत करने, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में सुधार, आंकड़ों के प्रसार और उपलब्धता बढ़ाने तथा मैक्रो-आर्थिक व क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ करने पर चर्चा होगी।

ब्रिक्स देशों ने 2010 से संयुक्त सांख्यिकी प्रकाशन (जेएसपी) जारी करना शुरू किया था और 2020 से स्नैपशॉट जेएसपी भी प्रकाशित किया जा रहा है। इस सहयोग ने आंकड़ों के संग्रह से आगे बढ़कर मानकों के सामंजस्य और नवाचार तक का रूप ले लिया है। इसी वर्ष 16-17 अप्रैल को तकनीकी बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें जेएसपी और स्नैपशॉट 2026 के लिए रूपरेखा तय की गई थी। लखनऊ बैठक के साथ दो अर्ध-दिवसीय साइड इवेंट भी होंगे। 3 अगस्त को 'प्रशासनिक आंकड़ों की क्षमता का उपयोग' और 4 अगस्त को 'बदलते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तैयारी' विषय पर चर्चा होगी। इन आयोजनों में ब्रिक्स देशों के सांख्यिकी कार्यालयों के साथ नीति-निमार्ताओं, शिक्षाविदों, थिंक टैंक, नागरिक समाज संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी होगी।

## व्यावसायिक कोयला खनन से देश में उत्पादन एक अरब टन के पार पहुंचा, 141 खदानों की हुई नीलामी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में व्यावसायिक कोयला खनन व्यवस्था लागू होने के बाद कोयला उत्पादन एक अरब टन से अधिक रहा है। जून 2020 से अब तक 14 चरणों में 141 व्यावसायिक कोयला खदानों की नीलामी की जा चुकी है, जिनसे पूर्ण उत्पादन शुरू होने पर प्रतिवर्ष लगभग 47 हजार करोड़ रुपये का राजस्व और करीब 4.75 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है।




कोयला मंत्रालय ने रविवार को बताया कि वर्ष 2024-25 में देश का कोयला उत्पादन 1,047.52 मिलियन टन तथा वर्ष 2025-26 में 1,040.08 मिलियन टन रहा। वर्ष 2014-15 में यह उत्पादन 609.18 मिलियन टन था। मंत्रालय के अनुसार, इस वृद्धि में कैप्टिव और व्यावसायिक कोयला खदानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और राष्ट्रीय उत्पादन में उनकी हिस्सेदारी वर्ष 2021-22 के 10.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 20.2 प्रतिशत हो गई।

मंत्रालय ने बताया कि भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला तथा दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक और उपभोक्ता देश है। देश की प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा कोयले से पूरा होता है, जबकि 70 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन भी कोयले पर आधारित है।

वर्ष 2014 में उच्चतम न्यायालय द्वारा 204 कोयला ब्लॉकों का आवंटन रद्द किए जाने के बाद पारदर्शी नीलामी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत 18 जून 2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत व्यावसायिक कोयला खनन की शुरूआत की गई, जिससे निजी कंपनियों को भी खुले बाजार में कोयला बेचने की अनुमति मिली।

मंत्रालय ने बताया कि जून 2020 से अब तक 14 चरणों में 141 कोयला खदानों की नीलामी की गई है, जिनकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 366.35 मिलियन टन है। इनमें 123 खदानें निजी कंपनियों को मिली हैं तथा 44 सफल बोलीदाता ऐसे हैं, जिन्होंने पहले कभी कोयला खनन नहीं किया था। औसत राजस्व साझेदारी 24.17 प्रतिशत रही, जो निर्धारित न्यूनतम चार प्रतिशत से लगभग छह गुना अधिक है।

वर्ष 2025-26 में कैप्टिव और व्यावसायिक खदानों से कुल 210.46 मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ, जो पहली बार 200 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर गया। इनमें व्यावसायिक खदानों का योगदान 26.12 मिलियन टन रहा और वर्तमान में 23 व्यावसायिक खदानें उत्पादन में हैं। मंत्रालय के अनुसार, नीलाम की गई सभी व्यावसायिक खदानों के पूर्ण संचालन पर लगभग 48,756 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा। साथ ही, प्रीमियम से प्राप्त राजस्व वर्ष 2014-15 के 461 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 5,553 करोड़ रुपये हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि सभी नीलाम खदानों को शीघ्र उत्पादन में लाने के लिए मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

### एनबीए ने धान अनुसंधान संस्थानों और राज्यों को 8.22 करोड़ रुपये जारी किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने धान अनुसंधान संस्थानों और धान उत्पादक राज्यों को 8.22 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह राशि एक अंतरराष्ट्रीय बीज कंपनी द्वारा भारतीय धान की किस्मों का उपयोग कर संकर विकसित करने और व्यावसायिक रूप से बेचने से प्राप्त हुई है। इसे धान के लिए अब तक की सबसे बड़ी एकल लाभ-साझेदारी वितरण में से एक माना जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, कुल राशि में से 2.47 करोड़ रुपये अनुसंधान संस्थानों को दिए गए हैं, जिन्होंने धान की किस्मों का संरक्षण और साझा किया था। इनमें आईसीएआर-भारतीय धान अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को 2.43 करोड़ रुपये मिले है, जबकि गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखंड को 3.26 लाख रुपये मिले हैं। मंत्रालय ने बताया कि 33 राज्य जैव विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव विविधता परिषदों को 5.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह आवंटन कृषि मंत्रालय के एकीकृत पोर्टल में दर्ज धान उत्पादक क्षेत्र के आधार पर किया गया है। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 73 लाख रुपये से अधिक मिले हैं। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, असम और आंध्र प्रदेश भी शीर्ष दस राज्यों में शामिल हैं। इन निधियों का उपयोग अनुसंधान संस्थान बीज संग्रहण, जर्मप्लाज्म संरक्षण, अनुसंधान और प्रशिक्षण को मजबूत करने में करेंगे। वहीं, राज्य बोर्ड और परिषदें स्थानीय फसल विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और किसानों व ज्ञानधारकों को सहयोग देने जैसी गतिविधियों में इसका उपयोग करेंगी। एनबीए ने अब तक कृषि और बीज क्षेत्र से लगभग 83 करोड़ रुपये की लाभ-साझेदारी राशि प्राप्त की है।

## अमेरिका और इजराइल फिर ईरान में तबाही मचाने की तैयारी में, तेहरान ने भी कसी कमर

एजेंसी

**वाशिंगटन/तेल अवीव/ तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी टकराव के भीषण रूप लेने के आसार बढ़ गए हैं। अमेरिका और इजराइल की 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ की गई एकीकृत सैन्य कार्रवाई के बाद अब फिर दोनों देश उससे भी जोरदार बमबारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार अमेरिका और इजराइल ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर (ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे) को नष्ट करने का चक्रव्यूह तैयार किया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा हुआ तो यह जंग खाड़ी से बाहर तक फैल जाएगी। उनके सैनिक दुश्मन के घर पर घुसकर हमला करने से नहीं चूकेंगे। ईरान की आक्रामता का मुकाबला करने के लिए इजराइली सेना ने अपनी रक्षात्मक तैयारी बढ़ा दी है।



सीबीएस न्यूज, एक्सिओस, यनेट (वाई नेट) और अल जजीरा की विस्तृत रिपोर्ट में इस सबका जिक्र किया गया है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान मौजूदा हालात से चिंतित हैं। उन्होंने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की और उन्हें ईरान पर नए सिरे से हमले करने के खिलाफ आगाह किया। उधर, अमेरिकी दूतावासों ने अम्मान (जॉर्डन), यरूशलेम और बगदाद सहित मध्य पूर्व की कई राजधानियों में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को वहां से निकलने के लिए तैयार रहने को कहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इससे पहले शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में कहा कि अमेरिका पीछे नहीं हटेगा। ईरान को झुकना होगा। उन्होंने दोहराया कि वियतनाम, अफगानिस्तान और कोरिया में भी युद्ध लंबे समय तक चला था। सूत्रों का दावा है कि ईरान के खिलाफ हमले इसी सप्ताहांत में शुरू हो सकते हैं। अमेरिका और इजराइल की सैन्य तैयारियों के बीच ईरान के सांसद और नेशनल सिक्योरिटी एंड फॉरेन पॉलिसी कमीशन के सदस्य इब्राहिम रेजाई ने चेतावनी दी है कि ईरान की सेना अमेरिका के किसी भी हमले का कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है। इस बार जवाब फारस की खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। दुश्मन के सभी ठिकानों पर हमले किए जाएंगे। खाड़ी में मौजूद तेल और गैस सुविधाओं को मटियामेट कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ट्रंप को किसी गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए। ट्रंप की ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी जगहंसाई करा चुकी है। ईरान का बाल बांका भी नहीं बिगड़ा है। ईरानी सेना का हौसला बुलंद है। मौजूदा हालात पर ईरान ने मध्यस्थ देशों से संपर्क किया है। विदेशमंत्री अब्बास अरागची ने शनिवार को तुर्किये, पाकिस्तान और सऊदी अरब के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने इस देशों से कहा कि वह अमेरिका को बता दें कि इसका अंजाम बहुत खराब होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य में उमड़-घुमड़ रहे युद्ध के बादलों के बीच ब्रिटिश नौसेना ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में शनिवार को एक कमर्शियल टैंकर पर हमला किया गया। दूसरे टैंकर को निशाना बनाया गया, पर उसे ज्यादा क्षति नहीं हुई। इन दोनों के पास जोरदार धमाके किए गए। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि शुक्रवार को ओमान के लीमा से 11 नॉटिकल मील उत्तर-पूर्व में एक अज्ञात चीज (प्रोजेक्टाइल) जहाज से टकराई। इस हमले से जहाज का इंजन रूम क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार को एक अन्य टैंकर के पास पानी में तेजी से हलचल (स्प्लैश) और धमाके की सूचना मिली। यह टैंकर खसाब शहर से 21 नॉटिकल मील उत्तर-पश्चिम में था। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के तट पर फंसे एक प्रतिबंधित टैंकर से कच्चा तेल रिस रहा है।

ईरान समर्थक यमन के हूती विद्रोहियों का रुख कुछ नरम पड़ा है। हूती विद्रोहियों ने बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य में टोल वसूलने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। बुधवार को यमन के सूचना मंत्री मोअम्मर अल-एरियानी ने हूती पर आरोप लगाया था कि वह अरब प्रायद्वीप के दूसरी ओर स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की तरह टोल वसूलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हूती ने कहा कि बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से गुजरने वाले किसी भी जहाज से किसी किस्म का टोल नहीं वसूला जा रहा । सनद रहे पिछले महीने हूती ने केवल सऊदी झंडे वाले जहाजों के लिए समुद्री नाकाबंदी की घोषणा की थी।

## एक नजर

### अमेरिका ने ईरान और मध्य-पूर्व के आग्रह पर हमले की योजना रद की, ट्रंप की ट्रुथ सोशल पर घोषणा

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने कहा कि बातचीत में हुई प्रगति को देखते हुए अमेरिका ईरान पर होने वाले हमले को रद कर रहा है। ट्रंप ने स्थानीय समयानुसार, शनिवार रात कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन उन्होंने ईरान और मध्य-पूर्व के अन्य देशों के इस अनुरोध को मान लिया है कि किसी भी हमले को रोक दिया जाए, क्योंकि एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बन गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह घोषणा अपने ट्रुथ सोशल पर की। अमेरिका के समचार चैनल सीएनएन ने इसकी पुष्टि की। ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत फिर से खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल होगा। उन्होंने कहा कि हमले रोकने के इस फैसले में इजराइल भी उनके साथ है। व्हाइट हाउस ने फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। डोनाल्ड जे. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, " अमेरिका, ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारी सैन्य ताकत और क्षमता का स्तर ऐसा है जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद से कभी नहीं देखा गया। इसके बावजूद, ईरान और मध्य-पूर्व के दूसरे देशों ने हमसे किसी भी हमले को रोकने के लिए कहा है, क्योंकि एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बन गई है। इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और पूरी तरह से खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल होगा। इस अनुरोध को मानते हुए मैंने दुनिया के भविष्य के फायदे और एक सफल व समृद्ध ईरान के अस्तित्व के लिए हमले को रद्द करने का फैसला किया है। बशर्ते कि जल्द ही कोई समझौता हो सके। इजराइल भी इस प्रतिबद्धता में मेरे साथ है।"


Donald J. Trump
@realDonaldTrump

The U.S.A. is locked and loaded and ready to go against the Islamic Republic of Iran, at levels of Military Terror, Strength, and Power not seen since World War II. Despite this, we have just been asked by Iran, and other Middle Eastern Countries, to hold off any attack in that the perimeters of a deal has been agreed to. This would include the Immediate, Complete, and Total OPENING OF THE HORMUZ STRAIT, and an end to Iran's nuclear threat. Based on this request, I have agreed, for the future benefit of the WORLD and, likewise, the survival of a successful and prosperous Iran, to cancel the attack, subject to being able to rapidly make a DEAL. The Country of Israel joins me in this commitment. Get to work, everybody, and get it DONE. Thank you for your attention to this matter! President DONALD J. TRUMP

2.08k ReTruths 7.03k Likes Edited Aug 02, 9:31 AM

### नेपाल के सिरहा में दी गई कर्फ्यू में ढील

**काठमांडू।** नेपाल के सिरहा जिला प्रशासन ने गोलबाजार क्षेत्र में लागू कर्फ्यू आदेश में आज शाम तक के लिए ढील देने का निर्णय लिया है। हालांकि जिले में इस दौरान निषेधाज्ञा जारी रखा गया है। मुख्य जिला अधिकारी सुरेन्द्र पौडेल के अनुसार, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद आज सुबह 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है। स्थानीय परिस्थितियों का मूल्यांकन करने के बाद कर्फ्यू को और अधिक समय के लिए ढील देने या फिर से सख्ती से लागू करने संबंधी आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। साथ ही गोलबाजार क्षेत्र में वाहनों के संचालन को भी सुगम बनाया जाएगा। हालांकि, कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान भी लोगों से पांच से अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्र नहीं होने की अपील की गई है। गौरतलब है कि सुनसरी की घटना के बाद उत्पन्न तनाव के कारण पिछले कुछ दिनों से गोलबाजार क्षेत्र में कर्फ्यू लागू किया गया था। प्रशासन का कहना है कि हालिया सुरक्षा स्थिति में सुधार को देखते हुए फिलहाल दिन के समय कर्फ्यू में राहत दी गई है।

### नेपाल के सप्तरी जिले के कई इलाकों में कर्फ्यू जारी




**काठमांडू।** नेपाल के सप्तरी जिला प्रशासन कार्यालय ने जिले के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी कर्फ्यू को जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि आम नागरिकों को आवश्यक दैनिक उपभोग की वस्तुओं की खरीदारी करने की सुविधा देने के लिए आज सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है। सप्तरी जिला प्रशासन ने निर्धारित समय समाप्त होने के बाद कर्फ्यू का पूर्ण रूप से पालन करने तथा शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की सभी से अपील की है। जिला प्रशासन कार्यालय ने यह भी बताया कि प्रशासन की अनुमति लेकर सद्भाव रैली आयोजित करने के उद्देश्य से भी कर्फ्यू आदेश में सीमित रूप से राहत प्रदान की गई है। सप्तरी के मुख्य जिला अधिकारी श्याम कृष्ण थापा के अनुसार, राहत अवधि के दौरान यदि कोई व्यक्ति दंगा, अशांति फैलाने या किसी अन्य उद्देश्य से पांच से अधिक लोगों के समूह में एकत्र होकर उच्छृंखल गतिविधियों में शामिल पाया गया, तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सप्तरी के बोदेबरसाइन क्षेत्र में गत 30 जुलाई। की रात 10:00 बजे से तथा राजबिराज में 31 जुलाई की सुबह 8:00 बजे से मुख्य जिला अधिकारी द्वारा कर्फ्यू आदेश लागू किया गया था।

### नेपाल के कई प्रांतों में भारी बारिश का अलर्ट

**काठमांडू।** नेपाल जल तथा मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, कोशी, बागमती, गण्डकी, लुम्बिनी और कणार्ली प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर आज भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम पूवार्नुमान महाशाखा ने बताया कि वर्तमान में मानसूनी ट्रफ पश्चिमी नेपाल में अपनी औसत स्थिति के आसपास तथा पूर्वी नेपाल में सामान्य स्थिति से कुछ उत्तर की ओर स्थित है। सुदूर पश्चिम प्रदेश के तराई क्षेत्र में आंशिक बादल छाए हुए हैं, जबकि देश के अधिकांश हिस्सों में आंशिक से सामान्य रूप से बादल छाए हुए हैं। कोशी, बागमती, गण्डकी, लुम्बिनी और कणार्ली प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश पहले से ही हो रही है। दिन के समय पूरे देश में सामान्य से पूर्ण रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। पहाड़ी क्षेत्रों के कई स्थानों तथा तराई के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, हिमालयी क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर मध्यम वर्षा या हिमपात हो सकता है। कोशी, बागमती, गण्डकी, लुम्बिनी और कणार्ली प्रदेश के पहाड़ी जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की भी संभावना जताई गई है। रात के समय भी मौसम का यही क्रम जारी रहने की संभावना है। देश के अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। कोशी, बागमती और गण्डकी प्रदेश के हिमालयी क्षेत्रों के कुछ स्थानों के साथ-साथ लुम्बिनी, कणार्ली और सुदूरपश्चिम प्रदेश के हिमालयी जिलों में भी कहीं-कहीं मध्यम वर्षा या हिमपात का पूवार्नुमान है। विभाग ने मधेश प्रदेश के अधिकांश तराई क्षेत्रों तथा कोशी, बागमती, गण्डकी और लुम्बिनी प्रदेश के तराई इलाकों में भी मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। सुदूरपश्चिम के तराई क्षेत्र के कुछ स्थानों पर भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, कोशी, बागमती और गण्डकी प्रदेश के हिमालयी, पहाड़ी और तराई क्षेत्रों के कुछ स्थानों तथा मधेश प्रदेश और लुम्बिनी के तराई क्षेत्र में कहीं-कहीं भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने चेतावनी दी है कि भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़, भूस्खलन, मलबा बहाव और मिट्टी कटाव जैसी घटनाएं हो सकती हैं। साथ ही, प्रतिकूल मौसम का असर दैनिक जनजीवन, कृषि, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन, पर्वतारोहण तथा सड़क और हवाई यातायात पर भी पड़ सकता है। विभाग ने नागरिकों से मौसम संबंधी नवीनतम बुलेटिन पर लगातार नजर बनाए रखने की सलाह दी है।

